manufacturers Of:
PUNJAB GOLD
Brand
ATTA, MAIDA, SUJI & BRAN
SAMANA ROLLER FLOUR MILLS LTD.
Work & Regd. Office: Patiala Road
Samana- 147101, Distt- Patiala (PUNJAB)
Tel: 01764221064, 222789, 224289
Mob-09815547571

सीधी, रीवा, सिंगरौली, भोपाल, शहडोल एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# समय

गांधीवादी आदर्शों पर आधारित समाजवादी समाज रचना का प्रवक्ता हिन्दी दैनिक

पौष्टिक एवं शुद्ध
हाथी
ब्राण्ड आटा बेसन
Mfd by: Jugal Kishore harbans Lal
B-40/1&2, Lawrence Road, Industrial area,
Delhi-110035
Phones: 27100252, 2718583, 27180871, 27106565

वर्ष- 71 | अंक- 97 | MP/SDLDN/0002/2013-15 | सीधी, सोमवार 8 जनवरी 2024 | संवत- 2080, पौष कृष्ण पक्ष 13 | E-mail: samayapress@gmail.com | पृष्ठ संख्या- 8 | मूल्य- 3.50 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### एक गुजराती चाय ब्रेक पर भी बिजनेस कर लेता है: सीजेआई

**राजकोट एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को एक जिला अदालत भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां के लोग समय के साथ बदलावों को अपनाते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े हुए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सपनों की बात करते हुए मुझे एक मजेदार कहावत याद आती है जो गुजरात की भावना को दर्शाती है। वे कहते हैं कि जब बाकी दुनिया नई तकनीकियों के पीछे दौड़ती है, एक गुजराती सबसे सरल चीजों को भी नया करने का एक तरीका ढूंढ लेगा। उदाहरण के लिए चाय ब्रेक को एक व्यापार रणनीति बैठक में बदलना सर्वोत्कृष्ट गुजराती ह्यूमर है। उन्होंने प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए वकीलों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां एक नए जिला न्यायालय भवन के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन प्रगतियों का लाभ उठाने से अंतर पाटने एवं दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा यह सुनिश्चित होगा कि न्याय प्रदान करना भौगोलिक और तकनीकी बाधाओं के कारण बाधित न हो।

### अखिलेश की दो टूक: न्याय यात्रा बाद में... पहले सीट बंटवारा करें

**लखनऊ एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा वक्त नहीं है। समाजवादी पार्टी चुनाव की तैयारियां कर रही है। वो चाहती है कि सीट बंटवारा पहले हो जाए तो बेहतर होगा। क्योंकि किसके साथ जाना है किसके साथ नहीं जाना ये तय होने के बाद ही कुछ संभावनाएं बनेगी।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा होती रहेगी। लेकिन पहले सीट बंटवारा तो हो जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को समाजवादी पार्टी सपोर्ट करने वाली नहीं है। अखिलेश ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के सभी दल चाहते हैं कि पहले सीट बंटवारा होना चाहिए। एक तरफ अगर बीजेपी ने जमीन पर अपना जातीय समीकरण साधना शुरू कर दिया है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन भी अब धीरे-धीरे फुल एक्शन में आता दिख रहा है। इस समय उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपनी भारत न्याय यात्रा निकालने को तैयार खड़ी है।

### पुलिस घर पहुंची तो टूट पड़ा परिवार

## रेत माफिया का हमला, टीआई समेत दो घायल शहडोल में घाट पर ट्रैक्टर छुड़ाकर भागे



नगर प्रतिनिधि | भोपाल

शहडोल में रेत माफिया ने पुलिस पर हमला कर दिया। टीआई और एक आरक्षक घायल हुए हैं। मौके से दो आरोपी पकड़े गए हैं। घाट पर ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने के बाद पुलिस माफिया के घर दबिश देने गई थी। यहां पूरा परिवार पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ा। आरोपियों ने पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की धमकी भी दी थी। मामला शनिवार का है। शाम करीब 7 बजे खैरहा थाना पुलिस मझियार नदी के घाट पर अवैध रेत खनन कर रहे दबंगों को पकड़ने पहुंची। टीम में थाना प्रभारी दिलीप सिंह समेत तीन पुलिसकर्मी थे।

उन्होंने रेत से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। संख्या में ज्यादा होने की वजह से दबंगों ने पुलिस से गालीगलौज करते हुए ट्रैक्टर छीन लिए और भाग निकले। इसके बाद तीनों पुलिसकर्मी थाने पहुंचे और मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। आरोपियों की डिटेल खंगाली गई तो रेत खनन करने वालों का सरगना पुष्पेंद्र पांडेय निकला। उसका घर सिंघपुर में है। एसपी प्रतीक कुमार के निर्देश पर खैरहा और सिंघपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात पुष्पेंद्र के घर दबिश दी। पुलिस ने पुष्पेंद्र को पकड़ा तो उसके परिवार के धर्मेंद्र, दीपक और फलेंद्र सहित अन्य लोगों ने हमला कर दिया। खैरहा थाना प्रभारी दिलीप सिंह और एक आरक्षक घायल हो गए।

## 600 मिलियन डॉलर के मालिक आंखों में आंसू लिए जज के सामने कांपते रहे

### जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल हुए नाउम्मीद, जेल में मरने की मांगी इजाजत

एजेंसी | मुंबई



538 करोड़ रुपये के केनरा बैंक धोखाधड़ी केस में आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने अदालत से अनुरोध किया- कि उन्हें जेजे अस्पताल न भेजा जाए, इसके बजाय जेल में ही मरने दिया जाए। गोयल ने कहा कि उन्होंने जीवन की हर उम्मीद खो दी है और ऐसी स्थिति में जीवित रहने से बेहतर है कि उन्हें मर जाना चाहिए।

बता दें कि 2023 की रे टिंग में गोयल 600 मिलियन डॉलर के मा लिक बताए जाते हैं, ले किन जज के सामने आंसू लिए जीवन और मौत के बीच उम्मीद की किरण तलाशते नजर आए। जानकारी के अनुसार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल शनिवार को मुंबई की एक विशेष अदालत में पेशी के दौरान भावुक हो गए। गोयल ने हाथ जोड़कर अदालत से कहा कि उन्होंने जीवन की हर उम्मीद खो दी है और वह अपनी वर्तमान स्थिति में जीने की अपेक्षा जेल में मरना पसंद करेंगे। बता दें कि नरेश गोयल 538 करोड़ रुपये के केनरा बैंक धोखाधड़ी केस में आरोपी हैं। कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, सत्तर वर्षीय नरेश गोयल की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि वह अपनी पत्नी अनीता को बहुत मिस करते हैं, जो कैंसर के एडवांस स्टेज में हैं।

### उज्जैन में देश की पहली हेल्दी एंड हाइजेनिक फूड स्ट्रीट का लोकार्पण, मंत्री मांडविया बोले

**स्वास्थ्य क्षेत्र सर्वोपरि इसलिए खुले में खाद्य सामग्री के विक्रय पर की गई कार्रवाई: मुख्यमंत्री**

## मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिलेंगे पर्याप्त आर्थिक संसाधन



नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस परिसर में प्रसादम के माध्यम से हेल्दी फूड मिलेगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे आहार के विचार को क्रियान्वित किया जा रहा है। जन-स्वास्थ्य रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस नाते गत कुछ सप्ताह में खुले में खाद्यान्न सामग्री बेचने और अस्वच्छ तरीके से माँसाहार के विक्रय पर अंकुश के लिए 25 हजार से अधिक दोषी लोगों को दंडित किया गया है। नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज के लिए संकल्पबद्ध है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज हो, इस दिशा में

- प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज होगा
- 218 करोड़ रूपए लागत की 187 स्वास्थ्य संस्थाओं का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण

राज्य सरकार भरपूर प्रयास करेगी। समाज के गरीब वर्ग के साथ महिलाओं, किसानों और युवाओं के कल्याण को समान महत्व देते हुए योजनाएं क्रियान्वित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में फूड स्ट्रीट प्रसादम एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने संयुक्त रूप से उज्जैन फूड स्ट्रीट (प्रसादम) का उद्घाटन किया। यह देश की पहली हेल्दी एंड हाइजैनिक फूड स्ट्रीट है।

### देश के अन्य नगरों में भी प्रारंभ होंगी फूड स्ट्रीट: केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया

केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि महाकाल के पवित्र स्थान पर फूड स्ट्रीट का शुभारंभ हो रहा है। यह फूड स्ट्रीट यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने की ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने विकसित भारत के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक माना है। पहली बार देश में यह हुआ है कि विकास को मनुष्य के स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। सिर्फ अस्पतालों के निर्माण से स्वास्थ्य क्षेत्र में लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

### पौराणिक महत्व है उज्जैन का

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की रचना को देखें तो यह पृथ्वी का लघु रूप भी है। दुनिया के इस छोटे से स्वरूप में 84 महादेव हैं, सप्त सागर हैं। काल का केन्द्र महाकाल है। उज्जैन भविष्य का ग्रीनविच है। जब 21 जून और 22 दिसम्बर को सूर्य देव कक्षा बदलते हैं तो अपनी परछाई भी नहीं दिखाई देती। उज्जैन में काल गणना पौराणिक काल से हो रही है। करीब 300 वर्ष पहले तक समय की गणना दुनिया में कहीं से होती थी तो वह शहर मध्य बिंदु उज्जैन था। इसलिए विज्ञान और प्राद्योगिकी विभाग के साथ ही अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से उज्जैन में ऑब्जर्वेटरी की स्थापना की पहल की गई। उज्जैन से अनेक विभूतियों का उदय हुआ है। हजारों वर्ष से विभूतियों का संबंध उज्जैन से रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम पिता के श्राद्ध के लिए उज्जैन आए थे। इसी तरह भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा यहीं हुई। महात्मा बुद्ध के काल में सम्राट अशोक ने अपने बेटे और बेटी को यहीं से बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य देशों के लिए रवाना किया। सम्राट विक्रमादित्य, भर्तृहरि सभी का संबंध उज्जैन से रहा है।

### कोविड के दौर में उनके नेतृत्व में जो लड़ाई लड़ी गई, दुनिया उसकी गवाह है

नागरिक स्वस्थ रहें, इसके लिए उन्हें हाइजैनिक फूड मिलना जरूरी है। आने वाले समय में उज्जैन के बाद अन्य नगरों में इस तरह के फूड स्ट्रीट प्रारंभ किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी समग्र दृष्टिकोण से नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं। कोविड के दौर में उनके नेतृत्व में जो लड़ाई लड़ी गई, दुनिया उसकी गवाह है। भारत में कोविड के प्रबंधन से विश्व के बड़े देशों को भी मोदी जी की क्षमताओं का ज्ञान हुआ। आज भारत सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रत्येक जिले को 100 करोड़ रूपए की राशि प्रदान कर रही है। नए भारत का निर्माण हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि महाकाल लोक परिसर के विकास के बाद यहाँ प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं।

## हमले के एक दिन बाद अब ईडी पर एफआईआर अफसरों पर महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस ने शनिवार को श्वष्ठ की उस टीम के अधिकारियों पर केस दर्ज किया है, जिन पर शुक्रवार को नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके में भीड़ ने हमला किया था। अधिकारियों के खिलाफ घर में जबरन घुसने और महिला से छेड़छाड़ का आरोप है।

ये अधिकारी राशन घोटाले के तहत नॉर्थ 24 परगना जिले में टीएमसी जिला परिषद के सदस्य शाहजहां शेख के घर तलाशी लेने जा रहे थे, लेकिन हमले की वजह से उन्हें वापस लौटना पड़ा। हमले के अगले दिन यानी 6 जनवरी को पुलिस ने इस मामले में तीन एफआरआई दर्ज



कीं। एक एफआरआई एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ और दो एफआरआई अनजान लोगों के खिलाफ हुई हैं। वहीं, ईडी की तरफ से टीएमसी नेता शाहजहां शेख के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किए जाने पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा कि लुकआउट नोटिस जारी करके ईडी क्या कर लेगा? ईडी खुद इडियट है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा कि टीएमसी पार्टी ईडी को देख लेगी। टीएमसी अपने खतरनाक सदस्यों को बचाने के लिए काम करती है। ये सरकार लुक आफ्टर सरकार है। तो लुक आउट सर्कुलर की क्या जरूरत है? इनके तो बॉर्डर भी बंद नहीं हैं। इन्हें बड़े-बड़े दावे नहीं करने चाहिए, चाहे वे बीजेपी के बारे में हों, या ईडी और सीबीआई के बारे में।

संदेशखाली गांव में ईडी टीम पर हुए हमले को लेकर भाजपा सांसद दिलीप घोष ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति मणिपुर से भी बदतर है। साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगने वाली बांग्लादेश की सीमा पर भी स्थिति बिगड़ी हुई है।

## कमांडोज ट्रेनिंग में सुपर हरक्यूलिस विमान का सफल प्रदर्शन

एजेंसी | करगिल

भारतीय वायुसेना वायुसेना ने अपने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान को रात के समय कारगिल हवाई पट्टी पर उतारने में सफलता हासिल की है। आपात स्थिति से निपटने की यह कमांडोज की ट्रेनिंग का हिस्सा थी। दरअसल इस दौरान वायुसेना के गरुड़ कमांडोज को



भी सुपर हरक्यूलिस विमान में बिठाकर कारगिल भेजा गया। गरुड़ कमांडो फोर्स, वायुसेना की स्पेशल फोर्स है। वायुसेना ने लैंडिंग का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहती है। ऐसे में कारगिल जैसे ऊंचे पहाड़ों वाले इलाके में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग एक बड़ी सफलता है।

### प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर टिप्पणी की थी

## मोदी-भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी मालदीव के 3 मंत्री को किया सस्पेंड

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाली मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना को कैबिनेट से सस्पेंड कर दिया गया है। पीटीआई के मुताबिक शिउना के अलावा दो और डिप्टी मिनिस्टर्स माल्शा शरीफ और अब्दुल्ला महजूम माजिद को भी सस्पेंड किया गया है। 'इंडिया टुडे' से बातचीत में मालदीव सरकार के प्रवक्ता इब्राहिम खलील ने कहा- भारत के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट्स के हवाले से जो कुछ चल रहा है, उसके बारे में हमारी सरकार अपना रुख साफ कर चुकी है। फॉरेन मिनिस्ट्री ने भी बयान जारी किया है। भारत के बारे में कमेंट्स करने वाले सभी सरकारी अफसरों को फौरन सस्पेंड किया जा रहा है। खलील ने उन अफसरों (वास्तव में मंत्री) के नाम का खुलासा नहीं किया, जिन्हें सस्पेंड किया गया है। मंत्री मरियम शिउना, डिप्टी मिनिस्टर्स अब्दुल्ला महजूम माजिद और माल्शा शरीफ ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसमें भारत की टूरिज्म सेक्टर में फेसेलिटीज को लेकर भी कमेंट्स थे।

### धूल भरे इलेक्ट्रिक हीटर से निकल सकती है जहरीली गैस

**नई दिल्ली एजेंसी।** क्या सच में रातभर हीटर चलाने से ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी? इस संबंध में कहा जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में नई टेक्नोलॉजी ने काफी प्रगति की है। हीटर के मामले में भी ऐसा ही हुआ है। दरअसल, इन दिनों जितने भी इलेक्ट्रिक हीटर बाजार में मिलते हैं, वे सभी सुरक्षित हैं और इस बात का प्रमाण नहीं मिला है कि उन्हें चलाने से ऑक्सीजन कम हो जाती है। तो फिर ऐसा क्यों कहा जाता है कि रूम में हीटर चलाना हो तो केवल 1-2 घंटे के लिए ही चलाना चाहिए, पूरी रात के लिए नहीं? पहले केरोसीन (मिट्टी का तेल) से कुछ जलाकर कमरा गर्म किया जाता था।

## अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

### टी-20 में रोहित-कोहली की वापसी राहुल, अय्यर और जडेजा बाहर

एजेंसी | नई दिल्ली

अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा होंगे। वे पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद पहला टी-20 इंटरनेशनल खेलेंगे। रोहित के अलावा, विराट कोहली और शुभमन गिल की भी वापसी हुई है, जबकि केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा को टीम में जगह नहीं दी गई है। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड को चोट के कारण बाहर रखा गया है। ये सभी अपनी-अपनी चोट से उबर नहीं पाए। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। यह जून में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी बाइलैट्रल सीरीज है।

**यह है भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार।

### पारा लुढ़का, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई

## शीतलहर की चपेट में पूरा उत्तर भारत, कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे का साया

एजेंसी | नई दिल्ली

इस समय पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जहां शीतलहर चल रही है, वहीं घने कोहरे की चपेट में आने से सड़कें दिखाई नहीं दे रही हैं। इधर आईएमडी ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है। इस दौरान उत्तर पश्चिम भारत में घना कोहरा भी छाया रहेगा। उत्तर भारत में शीतलहर का कहर जारी है। जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, पूर्वी मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर के त्रिपुरा तक में कहीं घना तो कहीं अत्यधिक घना कोहरा देखा गया। इसका असर सड़क, हवाई और रेल यातायात पर पड़ा है। घने कोहरे के कारण पंजाब में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की जान चली गई। मेरठ समेत विभिन्न शहरों में गलन वाली ठंड से बचने के लिए लोग अलावा का सहारा लेते देखे गए। पहाड़ से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक में पारा और लुढ़का और दिल्ली में 8.9 तो श्रीनगर में माइनस 5.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है।



### दिल्ली आने वाली 14 से अधिक ट्रेनें देर से पहुंचीं

स्पाइसजेट एयरलाइंस ने कहा कि घने कोहरे और खराब मौसम के कारण अमृतसर, जम्मू, वाराणसी, गोरखपुर, पटना, जयपुर, शिरडी और दरभंगा में उसकी उड़ानों के आगमन और प्रस्थान पर असर पड़ा। इस दौरान दिल्ली से आने-जाने वाली ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित रहा। दिल्ली आने वाली 14 से अधिक ट्रेनें देर से पहुंचीं। कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। मौसम विभाग ने हिमाचल में 9 और 10 जनवरी को बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। मंडी, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन जिलों में रविवार सुबह घना कोहरा भी छाया रहने का अनुमान है। यहां के अधिकतर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

### उत्तर पश्चिम भारत में घना कोहरा भी छाया रहेगा

आईएमडी के अनुसार ताजा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भी पड़ने वाला है और इसके चलते 8 से 10 जनवरी तक उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के क्षेत्रों में गरज के साथ कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा अगले पांच दिनों तक तमिलनाडु और अगले दो दिनों तक केरल में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। इस समय दिल्ली-एनसीआर में चल रही ठंडी हवाओं से ठिठुरन बढ़ी हुई है। शनिवार को भी धूप नहीं निकली। दिन भर बादल छाए रहे। हालांकि हवाओं के रुख में आए बदलाव के कारण तापमान में मामूली बढ़त दर्ज की गई। आने वाले दिनों में भी तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के 3 अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** संभागायुक्त भोपाल ने बाल गृह आंचल के अवैध संचालन में लापरवाही पर महिला एवं बाल विकास विभाग के 3 अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। ग्राम तारासेवनियां जिला भोपाल में संचालित आंचल चिल्ड्रन होम के संबंध में जिला प्रशासन के द्वारा जांच की गई और जांच में पाया गया कि संस्था किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम-2015 एवं आदर्श नियम-2016 के मापदण्डों के अनुसार संचालित होना नहीं पायी गयी। उक्त चिल्ड्रन होम, का किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम-2015 की धारा 41 अन्तर्गत पंजीकरण / मान्यता नहीं है। यह संस्था वर्ष 2020 से संचालित है। उक्त संस्था के चिल्ड्रन होम की किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 41 के उल्लंघन में थाना परवलिया सड़क में संस्था संचालक श्री अनिल मैथ्यू एवं पदाधिकारी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध कमांक-4/24, धारा 34, 42 एवं 75 किशोर न्याय बालिकाओं की देख-रेख और संरक्षण अधिनियम-2015 के उल्लंघन में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। संस्था में निवासरत 41 बालिकाओं को दिनांक 05.01.24 को बाल कल्याण समिति भोपाल के समक्ष प्रस्तुत कराया गया।

## प्रभावी लोगों के नाम पर धौंस जमाने वाला ठग गिरफ्तार

» क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

**भोपाल।** भोपाल क्राइम ब्रांच ने इंदौर के राजेन्द्र नगर के निवासी नवीन पिता कैलाश सिंह राठौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवीन राठौर सत्ताधारी दल के प्रभावी लोगों के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल कर लोगों से गैर कानूनी काम के नाम पर ठगी किया करता था। हाईस्कूल पास नवीन राठौर बेरोजगारों और नौकरीपेशा लोगों को भी आसानी से अपना शिकार बना लेता था। नवीन सत्ताधारी दल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को स्वयं का करीबी बताकर स्थानांतरण कराने, नियुक्ति दिलवाने, शासकीय विभागों में टेंडर दिलवाने, विवादित जमीनों पर कब्जा दिलाने और कब्जा हटाने के नाम पर ठगी करने का आदी है। क्राइम ब्रांच भोपाल ने सत्ताधारी दल के पदाधिकारी द्वारा दी गई सूचना पर नवीन के विरूद्ध धारा 417, 420 और 500 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत नवीन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिन लोगों से ठगी की जानकारी प्राप्त हुई है, उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

# 10 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री ने वी.सी. से उक्त आयोजनों की कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश



» मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न आयोजन होंगे

» अवैध बाल संरक्षण गृहों पर सख्त कार्रवाई होगी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से युवा दिवस, मकर संक्रान्ति और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के संबंध में तैयारियों की बैठक ली। इस अवसर पर इंदौर से जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और भोपाल से मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर बताया गया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि अंतरित की जायेगी। पूरे प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। इस दौरान महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये क्रियान्वित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाये। साथ ही उनके रोजगार पर आधारित कार्यक्रम भी हों। उन्होंने कहा कि युवा दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में युवाओं के लिये कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाये। स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों को उनके सांस्कृतिक अवदानों के बारे में परिचर्चाएं, निबंध-लेखन, संभाषण और गोष्ठियां आयोजित की जाये। समाज में स्वामी विवेकानंद विचारों का सामाजिक संगठनों के माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। बैठक में आगामी 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय परम्परा में मकर संक्रान्ति पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य उत्तरायण की ओर जाता है। इस पर्व का जहाँ एक ओर धार्मिक महत्व है वहीं दूसरी ओर उसका वैज्ञानिक महत्व भी है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति पर्व पर परम्परागत खेलों को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम किये जाएं। साथ ही युवाओं को मकर संक्रान्ति का वैज्ञानिक महत्व बताने के लिये भी कार्यक्रम हों। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाये। भजन मण्डलियों को भी कार्यक्रम में शामिल करें। उन्होंने पतंगबाजी सहित अन्य देशी खेलों के आयोजन के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंगबाजी में चायना डोर के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाये।

### उद्योगों और 10 किलोवाट के उपभोक्ता के लिए बैकडोर से बिजली महंगी करने की तैयारी

# महंगी बिजली का लग सकता है झटका



**भोपाल।** उद्योगों, पेट्रोल पंप, बड़े दफ्तर सहित 10 किवा के बिजली लोड वाले उपभोक्ताओं को नई वित्तीय वर्ष में ज्यादा महंगी बिजली का झटका लग सकता है। इसकी वजह यह है कि बिजली कंपनी ने इनके लिए बैकडोर से बिजली महंगी करने की तैयारी कर ली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत नियामक आयोग के सामने दायर की गई याचिका में बिजली कंपनी ने टैरिफ में दो नए प्रस्ताव भी रखे हैं। पहला यह है कि बिजली खपत की गणना किलोवॉट(किवा) की जगह किलोवॉट एम्पीयर (केवीए) से की जाएगी। यदि यह लागू हो गया तो इससे इन उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 15 प्रतिशत का भार बढ़ेगा। दूसरा प्रस्ताव टाइम ऑफ डे टैरिफ लागू करने का रखा गया है। इसके लिए तीन स्लॉट बनाए गए हैं। यदि यह प्रावधान लागू हो गया तो रात 10 से सुबह 6 बजे तक बिजली के इस्तेमाल पर मिलने वाली 20 प्रतिशत छूट खत्म हो जाएगी। कहने के लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने उद्योगों और ज्यादा बिजली वाले उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसत 3.86 प्रतिशत वृद्धि करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा ये दो नए प्रस्ताव भी रख दिए। बिजली मामलों के जानकार एवं रिटायर्ड एडिशनल चीफ इंजीनियर राजेंद्र अग्रवाल के मुताबिक बिजली खपत की गणना के लिए केवीए फार्मूला लागू होने से फैक्टर इंसेटिव( मिलने वाली छूट) खत्म हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि यदि खपत की गणना किलोवॉट में होती है तो वह 100 किलोवॉट की जगह 110 से 125 केवीए में आ जाएगी। इससे इनके बिजली बिलों में राशि भी 15 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल में बैठक की। 6 जनवरी से प्रारंभ हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के बारे में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराया। श्री राजन ने कहा कि प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची के प्रारूप का आज प्रकाशन किया गया। सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की गई। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया चलेगी। इस बीच जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है एवं जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। श्री राजन ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, इसमें सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी से भगवानदास सबनानी, एस.एस. उप्पल, कांग्रेस पार्टी से जे.पी. धनोपिया, आम आदमी पार्टी से सुमित चौहान, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम सहित कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से रामचरण पी.व्ही. उपस्थित थे।

# देश बदलने का प्रतीक विकसित भारत संकल्प यात्रा : राज्यपाल

### » यात्रा के प्रति आमजन का उत्साह अभूतपूर्व



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। एक समय था जब सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को चक्कर लगाने पड़ते थे। आज स्थिति बदल गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब सरकार खुद चल कर हितग्राहियों के घर पहुँच रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति और परिवार को मिले, यह सुनिश्चित कर रही है। यात्रा के प्रति आमजन का उत्साह अभूतपूर्व है। श्री पटेल आज देवास जिले के गंधर्वपुरी ग्राम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद, विधायक, जिला, जनपद और ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। हमारी उपलब्धियां साफ बता रही है कि 21 वीं सदी भारत की सदी होगी। उन्होंने कहा कि देश बदल रहा है। महिलाएं सशक्त बन रही है। ग्राम विकसित हो रहे हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत बन रही है। उन्होंने देवास जिले की स्व-सहायता समूह की सदस्य के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ऑनलाइन चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सबका यह सौभाग्य है कि देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के पास है, जो गरीबों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए दिन रात कार्य कर रहा है। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना, पक्की छत का घर बनाने के लिए आवास योजना जैसी अनेक योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी सबका साथ सबका विश्वास के साथ समावेशी समाज के निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे वर्ष 2047 में विकसित भारत कैसा देखना चाहेंगे, इस संबंध में अपने विचार भी प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विकसित भारत बनाने की शपथ उपस्थित जनों को दिलाई।

## रामलला की प्रतिष्ठा पर भोपाल में कार्यक्रम

» करुणाधाम मंदिर और संत नगर में होगी अखंड रामधुन, मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना

**भोपाल।** अयोध्या में बनकर तैयार भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय जैसे-जैसे करीब आ रहा है, राजधानी में भी उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 22 जनवरी को राजधानी के प्रत्येक मंदिर और आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम किए जाएंगे। शाम को दीपावली जैसा नजारा होगा। वहीं संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में अखंड रामधुन लगाई जाएगी। इसके लिए खास तैयारियां की जा रही हैं। उधर, रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शहर के संतों को भी आमंत्रित किया गया है। 22 जनवरी को बैरागढ़ में हर घर पांच दीपक जलेंगे और 24 घंटे की अखंड रामधुन होगी। संत हिरदाराम के उत्तराधिकारी संत सिद्धभाऊ ने नागरिकों से घरों और प्रतिष्ठानों में दीप जलाने की अपील की है। वहीं यहां के मंदिरों व घरों में भी 24 घंटे अखंड रामधुन का आयोजन किया जाएगा। रामधुन आयोजन समिति के सेवादार टीडी आडवानी और अनिल चोटरानी ने बताया कि नगर में 22 जनवरी को 24 घंटे अखंड रामधुन कार्यक्रम साधु वासवानी स्कूल परिसर में आयोजित होगा।

आपके सीधी शहर में नये हास्पिटल की सौगात.....
सीधी हास्पिटल व्यंकटेश्वर भवन
पता -: सीधी हॉस्पिटल श्री वेंकटेश भवन
न्यू बस स्टेंड के पास रीवा रोड सीधी (म.प्र.)
मो. 9425179590, 6232799939, 8700227976
हृदय रोग के मरीज ध्यान दें
प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को उपलब्ध रहेंगे डॉक्टर
डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल
M.D.D.M. Cardiology (Gold medlist)
डायरेक्टर - हृदय रोग विशेषज्ञ, आदित्य हॉस्पिटल
जबलपुर डायरेक्टर - प्राइम हार्ट क्लिनिक, गैलेक्सी
हॉस्पिटल संपर्क सूत्र : 9329280665, 0761 - 4218312
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. बृजेश तिवारी
(M.B.B.S., MS, Mch)
गुर्दा, पथरी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ पूर्व आ.एम.वाई. हॉस्पिटल इंदौर, असिस्टेंट प्रोफेसर यूरोलॉजी सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के तृतीय रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. सर्वेश सक्सेना
एम.पी.पी.एस.(ओस एण्ड गायनी) स्त्री रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ लेप्रोस्कोपिक सर्जन टेस्टट्यूब बेबी प्रशिक्षित, बॉस्टन अमेरिकन, पूर्व चिकित्सक बाम्बे हॉस्पिटल, मुम्बई
प्रत्येक बुधवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. कृपाशंकर मिश्र
M.B.B.S., D. (Ortho),
ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट एवं स्पोर्ट, इन्फेक्शन विशेषज्ञ
प्रत्येक रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. शुभम मिश्रा
(सहायक प्राध्यापक संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा)
M.B.B.S., M.S. (Orthopaedics), Fellowship in Joint replacement (FIJR, Delhi) Fellowship in ostoarticular infection (FIOI, Mumbai)

तिलक छविगृह सीधी में
रोजाना 4 शो (12.00- 3.00- 6.00 -9.00 बजे)




सालार
कलाकार पर्दे पर देखिए

न्यू मिश्रा नर्सिंग होम सीधी म.प्र.
बांझपन एवं टेस्ट ट्यूब बेबी जांच
नि:सन्तान दम्पति संतान
असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें
नि:सन्तान दम्पति-संतान सुख के लिए, कृत्रिम गर्भाधान पुरुष बांझपन, इनविट्रोफर्टिलाइजेशन (Test Tube Baby) मशीनों द्वारा अंडकोष से शुक्राणु लेकर गर्भाधान कराना, (इक्सी), आई यू आई सुपर ओव्यूलेशन प्रजिंग हार्मोन, जांच शुक्राणु बैंक लेप्रोस्कोपी एवं हिस्ट्रोस्कोपी (दूरबीन विधि)



विन्ध्य क्षेत्र के प्रसिद्ध
डॉ. बीना मिश्रा
M.B.B.S. DGO, INFERTILITY SPECIALIST, GYNOLOGICAL ENDOSCOPIST
8224008614, 8120395151

कौंसुलेट जनरल डॉ. सुशील कुमार और डॉ. सुभाष शर्मा की अभूतपूर्व तैयारियाँ

# विश्व हिंदी दिवस पर ऑस्ट्रेलिया में हिंदी की धूम

## मेलबर्न में भारत के कौंसुलेट जनरल का भव्य आयोजन

### डॉ वेद व्यथित एवं पंकज पाठक विशेष अतिथि






एजेंसी | मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के महानगर मेलबर्न में आयोजित विश्व हिंदी दिवस के भव्य समारोह की तैयारियाँ पूरी हो गई हैं । कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, हिंदीसेवी और पत्रकार पंकज पाठक (भोपाल) और वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदीसेवी डॉ वेद व्यथित (फ़रीदाबाद) विशेष अतिथि होंगे । भारत के मेलबर्न स्थित कौंसुलेट जनरल कार्यालय द्वारा यह कार्यक्रम हो रहा है । 10 जनवरी 2024, बुधवार को यह शाम चार से छह बजे तक आयोजित है । कार्यक्रम कौंसुलेट जनरल कार्यालय सेंट किल्डा रोड पर होगा। इसमें साहित्य संध्या, हिंदी शिक्षा संघ तथा हिंदी निकेतन सहयोगी संस्थाएँ हैं। आयोजन का यह 10 वाँ वर्ष है।

कौंसुलेट जनरल डॉ सुशील कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के केंद्रबिंदु स्कूल के बच्चे, छात्र और युवा वर्ग हैं ।कार्यक्रम में एक से छह और सात से बारह आयु वर्ग के बच्चों तथा वयस्कों के लिए कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई है । साथ ही हिंदी की लघु नाटिकाएँ, गीत-संगीत, कविता पाठ आदि भी आयोजित है । हिंदी निकेतन ने क्विज का आयोजन किया है, जिससे बच्चों और बड़ों में हिंदी के प्रति रुचि पैदा होगी। साहित्य संध्या के स्थानीय कवि हिंदी पर एकाग्र कविताओं का पाठ भी करेंगे। सिडनी सहित यहाँ के अन्य शहरों में भी काफ़ी कार्यक्रम हो रहे हैं।

साहित्य संध्या के संयोजक तथा हिंदी शिक्षा संघ के अध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा ने बताया कि कॉन्सुलेट जनरल कार्यालय, मेलबर्न हिंदी से जुड़ी अन्य संस्थाओं के सहयोग से हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहा है। लगभग 27 वर्ष पुरानी संस्था साहित्य संध्या हर माह काव्यगोष्ठी का आयोजन करती है तथा ऑस्ट्रेलिया-भारत और विश्व के अनेक देशों से संबंध स्थापित कर हिंदी की गतिविधियों से जुड़ी हुई है। साहित्य संध्या स्थानीय कवियों-लेखकों को पुस्तक प्रकाशन के लिए प्रोत्साहित करती है एवं साहित्यकारों को सम्मानित करती है। हिंदी निकेतन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हिंदी पढ़ने वाले छात्रों को पुरस्कृत करती है, वही हिंदी शिक्षा संघ हिंदी की शिक्षा से जुड़े सभी संस्थानों के साथ शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए साधन जुटाने के लिए कार्यरत है।हिंदी शिक्षा संघ स्थानीय स्कूल के छात्रों तथा शिक्षकों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। डॉ शर्मा ने आशा व्यक्त की कि श्री पाठक और डॉ वेद हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए मेलबर्न के भारतीय समुदाय में नई स्फूर्ति का संचार करेंगे।

### सिडनी में महान कवि हरिऔध की स्मृति में उनकी नातिन की बेटी का आयोजन

इसी दिन सिडनी में 19 वीं शताब्दी के महान कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध की नातिन की बेटी अपर्णा वत्स का ऑनलाइन आयोजन भारतीय समय के अनुसार दोपहर डेढ़ बजे से है। इसमें प्रख्यात कवि कुँवर बेचैन के पुत्र प्रगीत कुँवर और बहू डॉ भावना कुँवर भी सम्मिलित हैं ।

# छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस ने बनाई चुनाव समिति, दीपक बैज अध्यक्ष, भूपेश - सिंहदेव समेत 18 नेता शामिल

**रायपुर।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के लिए कांग्रेस ने इलेक्शन कमेटी बनाई है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, सिंहदेव समेत 18 नेताओं को शामिल किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष दीपक बैज होंगे। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से राजस्थान, केरला, तेलंगाना छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा के लिए इलेक्शन कमेटी बनाई है। इस कमेटी में स्थानीय नेताओं को जगह मिली है। जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया है।

**शुक्रवार को बनाई गई थी स्क्रीनिंग कमेटी**-इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा में अपने प्रत्याशी चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी बनाई थी। ये कमेटी लोकसभा के लिए छत्तीसगढ़ से कौन कौन प्रत्याशी हो सकता है इसके लिए काम करेगी। छत्तीसगढ़ समेत 7 राज्यों के लिए बनी कमेटी की चेयरपर्सन



राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल होंगी। वहीं कृष्णा अल्लवरु और प्रताप सिंह पार्टी के सदस्य है। ये कमेटी सभी 11 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन के लिए काम करेगी। दावेदारों से लेकर प्रत्याशी चयन तक इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कांग्रेस ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पांच क्लस्टर में बांटा है। छत्तीसगढ़ वाले क्लस्टर में गुजरात, मध्यप्रदेश राजस्थान, दिल्ली, दमन-दीव, दादर और नागर हवेली शामिल हैं।

**भूपेश-सिंहदेव को नेशनल टीम में भी मिल चुकी है जिम्मेदारी**-कांग्रेस आलाकमान ने सिंहदेव और बघेल को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी भी सौंपी है। कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को कांग्रेस ने राष्ट्रीय घोषणा पत्र समिति का संयोजक नियुक्त किया। सिंहदेव सीधे तौर पर उस प्लानिंग का हिस्सा होंगे, जिसमें कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी। इसमें प्रियंका गांधी वाड्रा, शशि थरूर, जयराम रमेश, आनंद शर्मा जैसे बड़े नेता शामिल हैं। ये समिति में सदस्य बनाए गए हैं।

वहीं 19 दिसंबर को AICC की ओर से नेशनल अलायंस कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी जिम्मेदारी दी गई है। कमेटी में एक संयोजक समेत 5 सदस्य हैं। कांग्रेस पार्टी के लिए ये पांचों सदस्य अलायंस को लेकर समन्वय बनाने का काम करेंगे। इसमें राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी सदस्य हैं। नेशनल अलायंस कमेटी के संयोजक मुकुल वासनिक बनाए गए हैं। मई 2024 में लोक सभा के चुनाव होने हैं।

# भागलपुर में बर्थडे से लौट रहे 3 दोस्तों की मौत कोहरे में बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**भागलपुर (बिहार)।** भागलपुर में दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे तीन दोस्तों की मौत हो गई। गश्ती के दौरान पुलिस को क्षतिग्रस्त बाइक दिखी। पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों के शव दिखे, जो एक-दूसरे पर चढ़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। प्रिंस कुमार के पास से आधार कार्ड बरामद किया। इसके आधार पर उसकी पहचान हुई। पुलिस ने सोशल मीडिया पर तीनों की फोटो डाली, तब परिवार को पता चला।

**घटना स्थल पर ही तीनों की मौत**-बताया जाता है कि गोपालपुर थाना के हरनाथचक में अंशु कुमार के बर्थडे पार्टी से तीनों लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। घटना में तीन दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मरने वाले की पहचान सहरसा जिला के रघुनाथपुर थाना के महुआ बाजार निवासी जनार्दन मंडल के पुत्र प्रिंस कुमार (24), कदवा ओपी के प्रतापनगर निवासी मसरुल कुमार राय के पुत्र सुकेश कुमार (20) इस्माइलपुर थाना के मंथन टोला निवासी



रामजी मंडल के पुत्र राहुल कुमार उर्फ सूरज कुमार (18) के रूप में हुई है। तीनों दोस्त थे।

पुलिस को घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह पुलिस गश्ती पर निकले थे। इसी दौरान सड़क पर क्षतिग्रस्त बाइक पर नजर पड़ी। तीन युवकों का शव एक दूसरे पर पड़ा दिखा। तीनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी, पुलिस ने प्रिंस कुमार के पास मिले आधार कार्ड से पहचान किया, एवं दो अन्य युवक अज्ञात थे। पुलिस ने तीनों युवक के शव की तस्वीर सोशल मीडिया पोस्ट की। इसके बाद परिजनों ने पहचान की और नवगछिया सदर अस्पताल पहुंचे। तीनों शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**कुहासे की वजह से हादसे की आशंका**-प्रिंस कुमार कदवा में प्राइवेट डॉक्टर के यहां लैब टेक्नीशियन का काम करता है। प्रिंस के मित्र सुकेश भी देर रात बर्थडे पार्टी में गया था, लेकिन सुकेश देर रात ही बर्थडे पार्टी से वापस लौट गया था।

# जयपुर में घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाई

**जयपुर।** जयपुर के करधनी थाना इलाके में देर रात कुछ लोगों ने एक कार को आग के हवाले कर दिया। कार में आग लगने की सूचना मिलने पर पीड़ित ने दमकल



और पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार में आग लगाने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित बालकिशन शर्मा ने बताया- वह टैक्सी कार चलाकर अपने बच्चे पालता है। उसके अलावा उसके पास कोई दूसरा काम नहीं है। शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह कार लेकर अपने घर पर पहुंचा। सड़क पर एक व्यक्ति अलाव जलाकर ताप रहा था। जिस पर बालकिशन ने उसे घर जाने के लिए कहा। रात को हवा तेज चल रही थी। इस पर उस व्यक्ति ने कहा- घर पर झगड़ा हो रखा है, इसलिए बाहर आग ताप रहा हूं। इस पर बालकिशन ने उसे फिर घर जाने और तबीयत खराब होने की बात कही। इसके बाद बालकिशन कार से अपना सामान लेकर अपने घर में घुस गया। रात करीब डेढ़ बजे जानकारी मिली की कार में आग लगा दी गई हैं। इस पर पीड़ित ने पुलिस और दमकल को जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस ने लोगों की मदद से आग को कंट्रोल किया। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कार में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराई हैं।

# बेटी प्रेमी से शादी पर अड़ी..मां ने गोली मार दी, गिरिडीह में थाने पहुंचकर बोली-मैंने हत्या की है, कहीं और तय किया था रिश्ता

**गिरिडीह (झारखंड)।** गिरिडीह में शनिवार को मां ने अपनी नाबालिग बेटी (15) की गोली मारकर हत्या कर दी। बेटी प्रेमी से शादी के लिए अड़ी हुई थी। मां वहां शादी नहीं करना चाहती थी। परिवार ने दूसरी जगह रिश्ता फिक्स कर दिया था। 15 जनवरी को लड़की की शादी की रस्म शुरू होने वाली थी। घटना गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र की है। बेटी की हत्या के बाद मां खुद थाने पहुंची और पुलिस वालों से बोली कि मैंने गोली मारकर अपनी बेटी की हत्या कर दी है। लड़की 8वीं क्लास में पढ़ती थी।

शादी को लेकर मां-बेटी में सुबह से ही विवाद चल रहा था। दोनों के बीच कई बार मारपीट और नोक-झोंक हुई। पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर दोनों को शांत ? कराया। लेकिन विवाद नहीं थमा। शनिवार शाम लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी। लोग पहुंचे तो रुखसाना (15) की मौत हो चुकी



थी। उसके सिर पर गोली के निशान थे। इसके बाद उसकी मां फरजाना खातून थाना पहुंच गई और सरेंडर कर दिया।

**तय हो चुकी थी शादी, 15 को थी पहली रस्म**-स्थानीय लोगों ने बताया कि माता-पिता ने रुखसाना की शादी कहीं और तय कर रखी थी, लेकिन वह गांव के ही एक लड़के से प्रेम करती थी। उससे ही शादी करने पर अड़ी थी, जबकि माता-पिता इसके खिलाफ थे। 15 जनवरी को शादी की पहली रस्म होनी थी। लेकिन बेटी जिद पर अड़ी थी कि वह प्रेमी से ही शादी करेगी, वरना आत्महत्या कर लेगी। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

**एसपी बोले-मां ने ही की हत्या**-एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि लड़की की हत्या उसकी मां ने ही की है। अरेंज मैरिज और लव मैरिज को लेकर विवाद था। दोनों अपनी-अपनी जिद पर अड़े थी। इसी क्रम में मां ने सिर में पिस्टल सटाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिस्टल बरामद कर ली है। पिस्टल कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है।

**किराए के मकान में रहते थे सभी**-नाबालिग का परिवार 3 साल से किराए के मकान में रहता था। घटना के वक्त नाबालिग, उसकी मां और नानी घर में थे। वही नाबालिग के पिता अंजाम खान गाड़ी मैकेनिक हैं। वह घर में नहीं थे। पुलिस ने घटना के बाद मकान को सील कर दिया है।

# आफताब हत्या कांड मामला, पिता-पुत्र समेत 6 को उम्र कैद

**बेतिया (बिहार)।** बेतिया में हत्या के मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एडीजे आनंद विश्वासधर दुबे ने आधे दर्जन अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रत्येक को 20 -20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। सजायाफ्ता लौरिया थाना क्षेत्र के शेख टोली निवासी मनसफार देवान तथा उनके पुत्र तबरेज देवान, मोहम्मद जाहांगीर देवान एवं मोहम्मद शकील अहमद, मोहम्मद आरिफ और मोहम्मद एकरार हैं। एपीपी ज्योति भूषण फौजदार ने बताया कि घटना वर्ष 2019 की है। 17 अगस्त 2019 को अभियुक्तों ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ हथियार से लैस हो खड़े थे। तभी दूध लेकर आ रहे ग्रामीण जावेद अख्तर के लड़का मोहम्मद नकीव को वे सभी मारने लगें।

**फरसा से मार कर किया था जख्मी**-हल्ला पर ग्रामीण जाकिर हुसेन एवं अन्य उसे बचाने वहां पहुंचे तो मोहम्मद शकील एवं मनसफार देवान ने आफताब आलम को फरसा से मार उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। वहीं बचाने आए अन्य लोगों को भी बुरी तरह मारा पीटा। जख्मी अवस्था में आफताब आलम को जीएमसीएच बेतिया लाया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज हेतु पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान आफताब आलम की मौत हो गई। मामले को लेकर जाकिर हुसैन ने अभियुक्तों के विरुद्ध लौरिया थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। विचारण तथा दोनों पक्षों के बहस, गवाहों की गवाही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अभियुक्तों को हत्या में दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# जेल में बंद एमएलए को आप ने बनाया लोकसभा कैंडिडेट गुजरात में वसावा के समर्थन में केजरीवाल की रैली

**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी (आप) ने जेल में बंद अपने



विधायक चैतर वसावा को गुजरात के भरुच लोकसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने नेत्रांग में रैली को संबोधित करते हुए इस बात की घोषणा की। केजरीवाल राज्य के दो दिन के दौरे पर हैं। चैतर वसावा गुजरात की देदियापाड़ा से पार्टी के एक मात्र विधायक हैं। वसावा फिलहाल वन विभाग से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं। चैतर के समर्थन में अरविंद केजरीवाल जनसभा करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा- यह आदिवासी समुदाय के सम्मान की लड़ाई है। हमें भाजपा को स्पष्ट संदेश देना है कि यह अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

केजरीवाल सोमवार को जेल में वसावा से मिलने जाएंगे। केजरीवाल शनिवार को गुजरात जाने वाले थे, लेकिन दिल्ली में 2024-25 के बजट की मीटिंग के चलते वे नहीं जा सके। इस तरह अब उनका गुजरात दौरा 3 दिन की बजाय 2 दिन का हो गया है। केजरीवाल सोमवार को जेल में बंद विधायक से मुलाकात करेंगे अरविंद केजरीवाल सोमवार को जेल में बंद चैतर वसावा से मुलाकात करेंगे। केजरीवाल शनिवार को गुजरात जाने वाले थे, लेकिन दिल्ली में 2024-25 के बजट की मीटिंग के चलते वे नहीं जा सके। इस तरह अब उनका गुजरात दौरा 3 दिन की बजाय 2 दिन का हो गया है। चैतर वसावा पर नर्मदा जिले के वन विभाग के एक कर्मचारी को अपने घर बुलाकर पीटने के अलावा फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। 4 नवंबर को FIR दर्ज होने के बाद वसावा फरार हो गए थे और हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी। हालांकि, कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने 15 दिसंबर को सरेंडर कर दिया था। वसावा तभी से जेल में हैं।



# कांग्रेस हाईकमान ने हिमाचल में बनाई इलेक्शन कमेटी

**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) ने हिमाचल प्रदेश इलेक्शन कमेटी गठित कर दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय कमेटी बनाई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी प्रतिभा सिंह की अगुवाई में काम करेंगे। युवा कांग्रेस, NSUI, कांग्रेस सेवादल और प्रदेश महिला कांग्रेस चारों फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष भी सदस्य बनाए गए हैं। प्रदेश इलेक्शन कमेटी में सुक्खू सरकार के तीन कैबिनेट मंत्रियों को जगह दी गई है। बड़ी बात यह है कि सुक्खू सरकार में मंत्री बनने से चूके दिग्गज नेता राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को जगह दी गई है। यह इन दोनों की नाराजगी दूर करने का भी प्रयास माना जा रहा है। प्रदेश इलेक्शन कमेटी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां से लेकर रणनीति बनाने का काम करेगी।

# फरीदाबाद में बीजेपी विधायक की फैक्ट्री में आग लगी जोरदार धमाके के साथ चारों तरफ धुआं फैला

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में बीजेपी विधायक नरेंद्र गुप्ता की थर्माकोल बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार को अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में काम कर रहे 2 मजदूर आग से झुलस गए। दोनों को ऑटो में डालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं।



सेक्टर-24 स्थित फैक्ट्री में काम करने वाली महिला आशा देवी ने बताया कि रविवार को वह फैक्ट्री में मौजूद थी। अचानक जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। देखते ही देखते फैक्ट्री में आग फैल गई। बिजली चले जाने से अंदर अंधेरा हो गया। वह किसी तरह दीवार पकड़कर बाहर निकली। जिस समय आग लगी, फैक्ट्री में करीब 35 मजदूर काम कर रहे थे। जिनमें से 2 आग से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री के पड़ोस में काम करने वाले रंजन कुमार ने बताया कि अचानक फैक्ट्री ने काला धुआं निकलना शुरू हो गया। आसपास के इलाके में अंधेरा छा गया। फैक्ट्री में कितने मजदूर और फंसे है, इसका पता लगाया जा रहा है।

# कोटा में 38 फीसदी अभ्यर्थियों ने दिया एग्जाम

**कोटा।** आरपीएससी की ओर से रविवार को सहायक आचार्य,



पुस्तकालय अध्यक्ष एवं शारीरिक अनुदेशक परीक्षा दोपहर बारह से दो बजे तक आयोजित की गई। कोटा में 64 केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। एडीएम बृजमोहन बैरवा ने बताया कि 38.87 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। कोटा में कुल 21147 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। जिनमें से 8221 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने के लिए पहुंचे। 12926 अभ्यर्थियों ने एग्जाम नहीं दिया। परीक्षा के लिए 32 सरकारी एवं 32 निजी स्कूलों, कॉलेजों में सेंटर बनाए गए थे। बृजमोहन बैरवा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों 11 बजे बाद एंट्री बंद कर दी गई थी। कड़ी चैकिंग के बाद अभ्यर्थियों को सेंटर में प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ जगह कुछ स्टूडेंट्स समय से लेट पहुंचे ऐसे में उन्हें एंट्री नहीं दी गई हालांकि उनके अनुसार उनके पास सिर्फ एक सेंटर से ही इस बारे में जानकारी मिली थी। सुबह एंट्री के समय परीक्षा केन्द्रों पर जब प्रवेश में कुछ ही समय बचा तो अभ्यर्थी दौड़ते भी नजर आए। महिला अभ्यर्थियों से कान की बालियां भी उतरवाई गई।

# बालोद में मां-बच्चे को कुल्हाड़ी से काट डाला:पत्नी की हालत गंभीर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में शनिवार को एक युवक ने कुल्हाड़ी से अपनी मां और 2 माह के बेटे को काटकर मार डाला। इसके बाद पत्नी पर भी हमला किया। पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पुरूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम उसरापारा निवासी भवानी निषाद (27) पुत्र जलिंधर निषाद शराब पीने का आदी है। शनिवार दोपहर को भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा। इस दौरान उसका परिवार वालों के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद भवानी ने कुल्हाड़ी उठा ली और अपनी मां और पत्नी पर हमला कर दिया।

एक के बाद एक कई वार से भवानी की मां शांति बाई (50) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी जागेश्वरी निषाद (25) गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद भी भवानी नहीं रुका और उसने बिस्तर पर लेटे अपने 2 माह के बच्चे वैभव को को भी कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला।

**हत्या के बाद गांव में घूमता**



**रहा**-हत्या के बाद आरोपी भवानी खून से सने कपड़े पहने गांव में घूमता रहा। उसके कपड़ों पर खून के निशान देख ग्रामीणों ने पूछा भी, लेकिन वह टाल गया। वहीं दूसरी ओर घर का दरवाजा दोपहर से बंद देख ग्रामीणों को संदेह हुआ। वे शाम करीब 4 बजे दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो खून से लथपथ शव पड़े हुए थे।

**पुलिस ने घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल**-इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गांव से ही भवानी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अपनी गाड़ी से गंभीर रूप से घायल जागेश्वरी निषाद को धमतरी के मसीही अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला के गले और बच्चे के माथे पर कुल्हाड़ी से वार किया गया था।

**पिता की हत्या करने की भी थी तैयारी**-पुलिस पूछताछ में भवानी ने बताया कि उसके पिता जलिंधर निषाद अपनी बेटी के घर मेले में गए थे। वह उनके लौटने का इंतजार कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अपने पिता की हत्या करने के बाद खुदकुशी करने की तैयारी उसने की थी। फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**चोरी के आरोप लगने के कारण गुस्से में था**-पुलिस ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले गांव के ही एक आदमी का एटीएम कार्ड चोरी कर 40 हजार रुपए निकाल लिए थे। इसका आरोप भी भवानी पर लगाया था। इसी बात को लेकर वह गुस्से में था। जब घर पहुंचा तो पत्नी से उसका विवाद हो गया और उसने गुस्से में वारदात को अंजाम दिया।

# गवर्नर पुरोहित ने तीन बिलों को दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित ने पंजाब सरकार को नए साल बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार द्वारा विधानसभा में पास किए गए तीन बिलों को उन्होंने मंजूरी दे दी है। इनमें रजिस्ट्रेशन (पंजाब संशोधन) बिल 2023, संपत्ति का तबादला (पंजाब संशोधन) बिल 2023 और भारतीय स्टांप (पंजाब संशोधन) बिल 2023 शामिल हैं। सीएम भगवंत मान ने खुद सोशल मीडिया



पर पोस्ट डालकर इसका खुलासा किया है। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल का धन्यवाद जताया है। वहीं, उन्होंने उम्मीद जताई है कि पंजाब पक्ष के सारे बिल भी जल्दी ही मंजूर होंगे। हालांकि, सीएम आज गुजरात में एक रैली में शामिल होने गए हुए थे।

# पंजाब में गर्भवती की हत्या, महिला मार तू-मार आ चिल्लाई तो बदमाश ने सिर में गोली मारी

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन में गोली मारकर गर्भवती महिला की हत्या कर दी गई। घर में घुसे बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। महिला के पेट में 4 महीने का गर्भ पल रहा था। महिला के कत्ल का लाइव वीडियो सामने आया है। जिसमें वह मार दो-मार दो कह रही थी और फिर बदमाश ने उसके सिर पर गोली मार दी। इसका पता चलते ही पुलिस वहां पहुंची और हत्या की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पता चला कि गर्भवती के पति का कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए गर्भवती की हत्या कर दी गई। मृतक महिला तरनतारन में पट्?टी के वार्ड नंबर 2 की रहने वाली सुनीता (30) है।

समय



समय

## रोगियों पर परीक्षण

दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर विशेष ध्यान देने और जमीनी स्तर पर काम करने का दावा लगातार करती रही है। पार्टी इन क्षेत्रों में किए गए कामों को एक आदर्श के रूप में प्रचारित करती रही है। मगर शिक्षा और स्वास्थ्य के ढांचे में सुधार की हकीकत अक्सर ऐसी खबरों के जरिए सामने आती रही है, जिनसे कई सवाल उठते हैं। हाल ही में दिल्ली के कुछ अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति का मामला उठा। यह बेहद गंभीर इसलिए है कि किसी नकली दवा का दुष्प्रभाव भयावह नतीजे दे सकता है। यही वजह है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ से कराने का आदेश दिया है। इस मसले पर उठे विवाद के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआइ जांच की सिफारिश की थी। विचित्र है कि एक ओर दिल्ली के कुछ अस्पतालों में मरीजों के लिए नकली दवाएं भेजी जाती रहीं और दूसरी ओर सरकार स्वास्थ्य के मोर्चे पर बेहतरीन कामकाज का हवाला देती रही। इसके अलावा, पिछले वर्ष यह मामला भी सुर्खियों में आया था कि दिल्ली सरकार के बहुप्रचारित मोहल्ला क्लीनिकों में चिकित्सक नहीं आते, मगर उनकी उपस्थिति दिखाई जा रही थी। साथ ही, निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के मकसद से मरीजों को फर्जी जांच परामर्श दिए जा रहे थे। बाद में यह पहलू भी सामने आया कि फर्जी मरीजों पर परीक्षण किए गए। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्रम में बिना विस्तृत जानकारी दिए जिन लोगों का परीक्षण किया गया होगा, उनकी सेहत के साथ किस स्तर का खिलवाड़ हुआ। इस मामले में भी उपराज्यपाल ने सीबीआइ जांच का आदेश जारी किया है। सवाल है कि आमतौर पर देश में अन्य पार्टियों की सरकारों को कथनी और करनी के स्तर पर अलग होने के लिए उन पर अंगुली उठाने वाली आम आदमी पार्टी की सत्ता में इस तरह की लगातार गड़बड़ियां क्यों सामने आ रही हैं!

विचार

# जमीनी हकीकत से अंजान अहंकारी निर्णय ठीक नहीं होते



लेखक-चैतन्य भट्ट

**पिछले दिनों दिल्ली, यूपी, बिहार, गुजरात समेत अन्य राज्यों में जनजीवन ट्रक और बस ड्राइवरों की अचानक हुई हड़ताल से थम सा गया। पेट्रोल,डीजल, दूध, खाद्यान्न समेत सारी आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चरमराती दिखी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह ठप हो गया। लोग छोटी मोटी दूरियों का सफ़र करने में भी परेशान हो गए। शुक्र है कि परिस्थितियां त्राहि-त्राहि मचने के पहले ही संभल गईं।**

हड़ताल का कारण पिछले हफ्ते लागू नए आपराधिक न्याय विधेयक के प्रावधान रहे जिनके तहत लापरवाही या तेज स्पीड से गाड़ी चलाते दुर्घटना होने और पुलिस को बताए बिना फरार हो जाने पर ड्राइवर को 10 साल की सजा और 7 लाख जुर्माना हो सकता है। न भागने पर भी पांच साल की सजा हो सकती है। दोनों ही मामले गैर-जमानती भी हैं यानी थाने से जमानत नहीं मिलेगी। पुराने कानून के मुताबिक अधिकतम दो साल की सजा है और थाने से जमानत भी मिल जाती है।

हड़ताली ड्राइवरों का कहना है कि वह जानबूझकर हादसों को न्योता नहीं देते। ज्यादातर दुर्घटनाएं छोटी गाड़ी वालों की गलती से होती हैं मगर भीड़ उन पर टूट पड़ती है और मारपीट तो छोड़िए हत्या तक पर उतारू हो जाती है। ऐसे में अगर वो दुर्घटना के बाद रुके तो भीड़ उन्हें मार डालेगी और अगर नहीं रुकते हैं तो सरकार मार डालेगी। 10-15 हजार रुपये महिना कमाने वाले ड्राईवर सात लाख रुपये का जुर्माना कहां से देंगे। ऐसी दुर्घटनाओं से संबंधित खबरों का इतिहास टटोलें तो लगेगा की ड्राइवरों की बातों में सच्चाई है। दुर्घटना हुई नहीं कि छुटभैये नेता गुस्साई भीड़ का निजाम अपने हाथों में थाम लेते हैं और वाहनों को आग लगाने, ड्राइवर को अधमरा होने तक पीटने जैसी घटनाएं हो जाती हैं।

सच कहें तो देश की आपूर्ति व्यवस्था की जीवन रेखा कहे जाने वाले लगभग 80 लाख ड्राइवरों की हालत दयनीय है। हफ्तों घर परिवार से दूर देश भर की खाक छानने वाले इन ड्राइवरों की मासिक आमदनी 25 हजार से भी कम है। सेवलाईफ फाउंडेशन का सर्वे बताता है कि आधे से अधिक ड्राइवर अन्य विकल्प न होने के कारण यह काम करने पर मजबूर हैं। उनमें असंतोष के प्रमुख कारणों में पुलिस/आरटीओ की गुंडागर्दी, परिवार के साथ वक्त बिताने के बहुत कम मौके, ऐक्सिडेंट की आशंका में जिंदगी का खतरा और काम की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं होना शामिल हैं।



बहरहाल अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस और गृह मंत्रालय के बीच लंबी बातचीत हुई और सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया कि कानून अभी लागू नहीं हुआ है। नए प्रावधान लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद हड़ताल वापस हुई और जनता ने राहत की सांस ली। दबाव के आगे न झुकने की छवि वाली सरकार के दो ही दिनों में झुक जाने के राजनीतिक मायने भी निकाले गए। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार ने समझौते का रास्ता ही ठीक समझा। हड़ताल जारी रहने की स्थिति में उत्तर भारतीय राज्यों के नजरिए से महत्वपूर्ण 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा नेपथ्य में जाने का खतरा था। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने से कीमतें बढ़ने और अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित होने की परिस्थितियां भी बन सकती थीं जो आसन्न लोकसभा चुनावों में पार्टी की विजय के लिए ख़तरनाक होतीं।

इस बीच शाजापुर कलेक्टर का कारनामा भी चर्चा में रहा। साहब हड़ताल तोड़ने और व्यवस्था पुनर्स्थापित करने की महत्वपूर्ण कोशिश के लिए ड्राइवरों से बात करते करते अचानक तैश में आ गए और एक ड्राइवर को उसकी औकात याद दिला बैठे। चालक ने भी कह दिया - औकात ही तो नहीं है हमारी, वही बनाने की कोशिश तो कर रहे हैं। बात पते की थी। शासकीय परिभाषा में जनसेवक कहलाए जाने वाले कलेक्टर की बात निहायत शर्मनाक तो थी ही, गंभीर परिस्थितियों में रास्ता निकालने की उनकी मूलभूत शासकीय जिम्मेदारी के भी सर्वथा विपरीत थी। भला हो मुख्यमंत्री का कि घटना का तत्काल संज्ञान लिया और कलेक्ट्री के जलवे बिखेरने वाले साहब खेद प्रकट करने और लाइन अटैच हो कर कुर्सी तोड़ने पर मजबूर हो गए। अफसर सरकार चला रही राजनीतिक पार्टी का सार्वजनिक चेहरा होते हैं। इन्हीं से जनता सरकार को पहचानती है। पिछले कुछ सालों से सरकारी नेतृत्व अफसरों के माध्यम से सीधे ही प्रशासन पर नियंत्रण की एक परंपरा के चलते उन पर निर्भर सा हो गया है। यही निर्भरता अफसरों को निरंकुश बना देती है। आजादी के बाद कितना भी परिवर्तन क्यों न हुआ हो, ब्रिटिश शासन द्वारा मूलतः राजा और प्रजा के सिद्धांत पर लागू उच्च प्रशासनिक व्यवस्था आज भी पुराने ढर्रे पर कायम है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस कदम को इसी एक घटना तक सीमित नहीं रखेंगे और निरंतर ऐसे कदम उठाएंगे जिससे पार्टी और सरकार की जनहितैषी नीति का वास्तविक चेहरा लोगों तक पहुंच सके।

यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि पिछले हफ्ते ही पास कानूनों के प्रावधानों पर पुनर्विचार के उपरांत लागू किए जाने की घोषणा की परिस्थितियां बनी ही क्यों ? कानून बनाने के पूर्व ही चर्चा जरूरी क्यों नहीं जरूरी समझी गई ? यही कुछ दो साल पहले अध्यादेश रूट से लाए गए कृषि कानूनों के साथ भी हुआ था। वसुधैव कुटुंबकम् की बात करने वाले हम यह क्यों भूल जाते हैं कि सामाजिक और राजनीतिक विचार विमर्श ही स्वस्थ प्रजातंत्र और प्रशासन की कुंजी है। नीति निर्धारण में जमीनी हकीकतों से अनजान अहंकारी अफसरों पर ही निर्भरता अच्छी नहीं है।

राजनीतिक

# नरेश गोयल के बहाने न्याय पर बात



लेखक राकेश अचल



**रोज लिखने वाले मेरे जैसे आम लेखक के लिए ये बहुत कठिन होता है कि वो किस विषय पर लिखे और किसे त्याग दे। नियमित पाठकों की अपेक्षाएं अलग होतीं है ,क्योंकि वे खुद लिखने में समर्थ नहीं हैं या लिखना नहीं चाहते। आज मेरे सामने भी कदाचित यही पशोपेश है। मेरे सामने लिखने के लिए विषयों की कमी नहीं है किन्तु विषयों के चुनाव की दिक्क़्त जरूर है । आज मै राजनीति और धर्म के घिसे-पिटे विषय पर लिखने के बजाय न्याय और अन्याय पर लिख रहा हूँ । परेशान न हों मेरा आज का विषय पूरी तरह अराजनीतिक है।**

कांग्रेस देश में 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है। ये एक राजनीतिक यात्रा है लेकिन यदि इसमें सचमुच भारतीय न्याय व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को जोड़ लिया जाये तो और बेहतर हो। आज मै बात कर रहा हूँ जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल के बहाने से। गोयल साहब केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में पिछले साल 1 सितंबर से जेल में हैं। नरेश गोयल ने शनिवार को यहां एक विशेष अदालत में हाथ जोड़कर कहा कि वह जिंदगी की आस खो चुके हैं और इस स्थिति में जीने से बेहतर होगा कि वह जेल में ही मर जाएं।गोयल साहब को पता नहीं है कि उन जैसे देश में लाखों नरेश गोयल हैं जो न्याय व्यवस्था से निराश होकर जेल में ही मर जाना चाहते हैं। क्योंकि अदालतें न उन्हें जमानत देती हैं और न सजा सुनाती हैं ,क्योंकि अदालती प्रक्रिया ही ऐसी है।

देश की जेलों में एक नरेश गोयल होता तो आलेख लिखने की कोई जरूरत शायद न होती ,लेकिन जब इनकी संख्या लाखों में हो जाये तो फिर इस मुद्दे पर लिखना जरूरी हो जाता है। क्योंकि मौजूदा न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता इस तरह के मामलों से प्रभावित होती है । कभी-कभी लगता है कि देश की अदालतें जांच एजेंसियों और सत्ता प्रतिष्ठान के सामने असहाय हैं और वे चाहकर भी न्याय नहीं कर पा रहीं हैं। देश की न्याय व्यवस्था के प्रति इस तरह की धारणा हाल के एक -दशक में ज्यादा बढ़ी है क्योंकि इस एक दशक में अदावत की सियासत ने जिस तरह से काम शुरू किया है उसे देखकर लगता है कि हमारी न्याय व्यवस्था को या तो बेपटरी किया जा रहा है या फिर उसे प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

देश की जेलों और अदालतों के आंकड़े हासिल करना वैसे तो टेढ़ी खीर है लेकिन जब तब संसद में इस तरह के आंकड़े दिए जाते हैं तो उन्हें देखकर ही विस्मय होता है। पिछले दिनों संसद में बताया गया कि देश भर की जेलों में वर्ष 2017 से 2021 के बीच बंद विचाराधीन कैदियों की कुल संख्या साढ़े 17.64 लाख से अधिक है और इनमें सर्वाधिक कैदी अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। हालांकि सरकार के पास यह आंकड़ें नहीं है कि इस अवधि में कितने विचाराधीन कैदियों की हिरासत में मृत्यु हुई है।केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बुधवार को बताया कि वर्ष 2017 से लेकर 31 दिसंबर 2021 की स्थिति के अनुसार देश भर में विचाराधीन कैदियों की कुल संख्या 17,64,788 है।उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 में विचाराधीन कैदियों की संख्या 3,08,718, वर्ष 2018 में 3,24,141, वर्ष 2019 में 3,32,916, वर्ष 2020 में 3,71,848 और वर्ष 2021 में 4,27,165 थी।

आप कल्पना कीजिये कि जिस देश में इतनी बड़ी सख्या में विचाराधीन कैदी हों उस देश की न्याय व्यवस्था कितनी बेचारगी की शिकार होगी ? लगता है कि कहीं जमानत देने कि लिए आधार नहीं मिलता ,तो कहीं जमानत न देने कि लिए जान-बूझकर स्थितियां बनाई जातीं है और अदालत ऐसे में विचाराधीन कैदी की कोई मदद नहीं कर पाती। देश के विचाराधीन कैदियों में सभी ने नरेश गोयल की तरह किसी बैंक के साथ धोखाधड़ी नहीं की है । इनमें बहुत से जेबकतरे भी हैं और बहुत से छोटे-छोटे अपराधों के आरोपी। इनमें से बहुत से तो ऐसे हैं जिन्हें मूल अपराध के लिए मिलने वाली सजा से ज्यादा अवधि तक विधारधीन कैदी की हैसियत से जेल में रहना पड़ रहा है। बहुत से क्या जयादातर तो ऐसे हैं जो नरेश गोयल की तरह अपना वकील तक जमानत के लिए खड़ा नहीं कर सकते। आपको बता दूँ कि 70 वर्षीय गोयल ने कहा कि उन्हें अपनी पत्नी अनीता की कमी बहुत खलती है, जो कैंसर के अंतिम चरण में हैं।गोयल की ही तरह दिल्ली सरकार कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हों या आम आदमी पार्टी कि संसद संजय सिंह या अंधविश्वास उन्मूलन संस्था का कोई पदाधिकारी यदि एक बार जेल कि सींखचों कि पीछे पहुँच गया तो फिर उसका या तो भगवान मालिक है या फिर सरकार। ये दोनों यदि आपके अनुकूल नहीं हैं तो आपको भी सहाराश्री की ही तरह बिना सजा सुने मृत्युलोक से रवानगी डालना पड़ सकती है। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल से मेरी कोई सहानुभूति न होती यदि उनके खिलाफ कार्रवाई गतिशील होती ।

कितना कारुणिक दृश्य रहा होगा जब गोयल ने हाथ जोड़कर और कांपते हुए कहा कि उनका स्वास्थ्य बहुत बिगड़ गया है। उनकी पत्नी बिस्तर पर पड़ी है और उनकी एकमात्र बेटी भी अस्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि जेल कर्मियों की भी उनकी मदद करने की सीमाएं है। न्यायाधीश ने कहा, मैंने उनकी बात ध्यान से सुनी और जब वह अपनी बात रख रहे थे तो मैंने उन्हें ध्यान से देखा। मैंने पाया कि उनका शरीर कांप रहा है।

# ईसाई समुदाय को लुभाने में जुटे मोदी



लेखक- राम पुनियानी

गत 25 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई ईसाईयों को क्रिसमस की बधाई देने और उनसे बातचीत करने के लिए अपने घर निमंत्रित किया। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में ईसाई समुदाय के योगदान और प्रभु ईसा मसीह की समावेशी शिक्षाओं की सराहना की। उन्होंने ईसाई समुदाय के नेताओं से अपने पुराने और लम्बे संबंधों के बारे में भी अपने मेहमानों को बताया। इसके कुछ दिन बाद केरल में कुछ सैकड़ा ईसाईयों ने भाजपा की सदस्यता ले ली। 'द हिन्दू' ने लिखा- भाजपा की राज्य इकाई की कोट्टयम में हुई बैठक में तय किया गया कि ईसाई समुदाय को आकर्षित करने के लिए 10 दिन की स्नेह यात्रा निकाली जाएगी जिसके दौरान पार्टी मणिपुर हिंसा सहित विभिन्न मसलों पर अपनी बात समुदाय के सामने रखेगी। केरल के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन ने बिलकुल ठीक कहा कि मणिपुर में हालत यह हो गई है कि आबादी का एक हिस्सा।।ईसाई समुदाय वहां रह ही नहीं सकता।।हम सबने देखा है कि इस मामले में राज्य और केंद्र दोनों सरकारों ने चुप्पी साध रखी है (द इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, जनवरी 2 2024)।

अगला आम चुनाव नज़दीक है और आरएसएस-भाजपा ने ईसाई समुदाय को लुभाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जहाँ तक ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति का सवाल है, उसे विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय रपटों और धार्मिक स्वतंत्रता सूचकांकों से समझा जा सकता है। 'वादा न तोड़ो अभियान' के अनुसार देश में हर दिन ईसाईयों की प्रताड़ना की दो घटनाएँ होती हैं। उत्तर प्रदेश में।।।। करीब 100 पास्टर और आम पुरुष और महिलाएं भी गैर-क़ानूनी धर्मपरिवर्तन करवाने के आरोप में जेलों में बंद हैं, जबकि वे या तो जन्मदिन मना रहे थे या इतवार की विशेष प्रार्थना सभा कर रहे थे। एक ज्ञापन के अनुसार सरकार कार्डिनलों और पास्टरों के खिलाफ अपनी विभिन्न जांच एजेंसियों का इस्तेमाल भी कर रही है।

यूनाइटेड क्रिस्चियन फोरम के अनुसार, सन 2022 के पहले सात महीनों में ईसाईयों पर हमलों की 302 घटनाएं हुईं। नेशनल सॉलिडेरिटी फोरम एंड इवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ़ इंडिया के आर्चबिशप पीटर मेकेडो द्वारा दायर एक याचिका के मुताबिक, राज्य ऐसे समूहों के खिलाफ त्वरित और आवश्यक कार्यवाही करने में असफल रहा है जिन्होंने ईसाई समुदाय के खिलाफ व्यापक हिंसा की, नफरत फैलाने वाले भाषण दिए, उनके आराधना स्थलों पर हमले किये और उनकी प्रार्थना सभाओं में व्यवधान उत्पन्न किये।

अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमरीकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने लगातार चौथे साल भारत को 'विशेष सरोकार' वाला देश निरुपित किया है और अमरीकी सरकार से कहा है कि वह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बनाए। ओपन डोर्स के अनुसार, वर्तमान सरकार के मई 2014 में सत्ता में आने के बाद से ईसाईयों पर दबाव में नाटकीय वृद्धि हुई है।

हिन्दू अतिवादी अन्य धर्मों के लोगों पर बिना किसी भय के हमले करते हैं और कुछ इलाकों में उन्होंने गंभीर हिंसा की है।।बड़ी संख्या में राज्य सरकारें धर्मांतरण-विरोधी कानून लागू कर रही हैं जिनका घोषित उद्देश्य हिन्दुओं का जबरदस्ती दूसरे धर्मों में परिवर्तन रोकना है मगर असल में उनके बहाने ईसाईयों को धमकाया और प्रताड़ित किया जाता है। पास्टर होना इस देश में सबसे ज्यादा जोखिम वाला काम बन गया है।

## मनुष्य को कर्मों का कर्ज चुकाना होगा




**भगवान ने हमारे जीवन को पवित्र बनाने के लिए समय-समय पर जो उपदेश दिए हैं, वे शास्त्रों के रूप में हमारे सामने हैं। हमें यह जो मनुष्य भव मिला है, यदि कर्मों का कर्ज चुका दिया तो सीधे मोक्ष प्राप्त हो सकता है। मनुष्य को अपने कर्मों का भुगतान स्वयं करना पड़ता है। उपाध्याय प्रवर मूलमुनिजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कई भवों के बाद मनुष्य जन्म प्राप्त होता है। हम मनुष्य भव को सद्कार्यों में लगाकर जीवन का कल्याण कर सकते हैं। ऋषभमुनिजी ने कहा कि भगवान के शरीर में तीर्थंकर का शरीर सबसे श्रेष्ठ बना है। तीर्थंकरों के शरीर में सुगंध आती है जबकि भगवान के पास जाते ही समभाव आ जाता है। भगवान के 34 अतिशय का प्रभाव रहता है। भगवान का शरीर के प्रति राग नहीं रहता। केवलज्ञान ही पूर्ण ज्ञान रहता है। आत्मा ही गुरु है। आत्मा ही देव है।**

सुविचार

**अवसर सूर्य उदय की तरह होते है यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे तो आप उन्हें गवा देंगे।**

**- अज्ञात**

## राशिफल

मेष: आज किसी खास काम में भाई-बहन का सहयोग मिलेगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद लेंगे।

वृष: व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यक्षेत्र में आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे।

मिथुन: आज के दिन कोई काम टालें नहीं। आज आपको अपनी नौकरी या व्यवसाय के लक्ष्य पर पूरा ध्यान देना चाहिए। काम को एकाग्रता के साथ निपटाने की कोशिश करें।

कर्क: कुछ मामलों में आप भ्रमित भी हो सकते हैं। केमिस्ट्री के छात्रों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है। सफलता पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करते रहना होगा।

सिंह: आपकी लोकप्रियता चरम पर होगी और आप कई अन्य लोगों पर काफी प्रभाव डालेंगे। यदि आप अधिकारियों के साथ टकराव से दूर रहते हैं।

कन्या: आज आप ऑफिस में कई मामलों में सफल हो सकते हैं। करियर से जुड़े कुछ जटिल मामलों में समाधान मिल सकता है। परेशान मत होइए।

तुला: आज आप किसी दूसरे व्यक्ति को कुछ समझाने में सफल रहेंगे, लेकिन स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव जैसी स्थिति बनी रहेगी।

वृश्चिक: आज का दिन भाग्य के बजाय कर्म के भरोसे रहकर काम करना फायदेमंद साबित होगा। न्याय से जुड़े लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

धनु: पैसों के मामले में शांति से निर्णय लें। आपके काम की तारीफ हो सकती है। धैर्य रखें। स्त्री के सहयोग से काम पूरे हो सकते हैं। मित्रता बढ़ सकती है।

मकर: आज के दिन आपको पैसों को लेकर किसी भी तरह का जोखिम लेने से बचना चाहिए। आज काम का बोझ आप पर अधिक रह सकता है।

कुंभ: आप कोई नया उद्यम शुरू कर सकते हैं और किसी बड़े सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं। आप अपने सभी विरोधियों पर विजय प्राप्त करें।

मीन: जेब में ज्यादा पैसा न होने पर भी आपका काम पूरा हो सकता है। आज आपका कोई काम नहीं रुकेगा। रुका हुआ धन मिल सकता है।

कार्टून



# रतलाम जिले में प्रदेश के राज्यपाल, भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल कहा पीएम के नेतृत्व में देश तेज गति से कर रहा विकास

**भोपाल।** प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल रविवार को रतलाम



जिले के जावरा विधानसभा के गांव लालाखेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश तेज गति से विकास कर रहा है। देश विकास के उसे मोड़ पर है जहां प्रगति के नित नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आमजन के द्वार पर पहुंची है। योजनाओं का लाभ लेने से जो भी वंचित रह गए हैं उनको लाभ प्रदान किया जा रहा है।

राज्यपाल द्वारा शासन की योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए। इनमें दुर्गाबाई रामेश्वर को प्रधानमंत्री उज्ज्वला



योजना, रामचंद्र पाटीदार को पशुपालन के लिए क्रेडिट कार्ड, बालिका हर्षिता को लाडली लक्ष्मी योजना, बाबू बागरी को आयुष्मान कार्ड तथा नारायण स्वयं सहायता समूह को सीसीएम ऋण लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में राज्यपाल को जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे तथा कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार ने स्मृति चिन्ह भेंट किए।

**महिलाओं में आया आत्मविश्वास**–राज्यपाल ने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से आज महिलाओं में नया आत्मविश्वास आया है। महिलाएं घरों के आर्थिक उत्थान में मजबूती से अपनी भूमिका का निर्वाह कर रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनी है। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचित रहे लोगों को लाभ दे रही है। सबके प्रयास से वंचित व्यक्ति की मदद की जा रही है। राज्यपाल द्वारा उपस्थितजनों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

**यह रहें मौजूद**–प्रदेश के सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरालाल डामोर, डीआईजी मनोजसिंह, कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार, सीईओ जिला पंचायत अमन वैष्णव, ग्राम पंचायत सरपंच बद्रीलाल पाटीदार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण व आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के बाद उज्जैन में भी ठंड में ठिठुरते लोगों को दिया सहारा

## मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने उज्जैन में गौशाला और आश्रमों का किया भ्रमण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रविवार को प्रात: उज्जैन नगर के विभिन्न आश्रमों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौमाता को चारा भी खिलाया। इसके पूर्व शनिवार की देर रात्रि उज्जैन पहुंचने पर फुटपाथ पर विश्राम कर रहे नागरिकों को कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रात: संत बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज के आश्रम पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। बाल्मिकी धाम में समाधि के दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पश्चात भृर्तहरि गुफा पहुंचकर महंत रामनाथ जी से भेंट की। उन्होंने पूजा अर्चना के पश्चात गौशाला में गायों को चारा खिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भैरवगढ़ केन्द्रीय जेल परिसर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



**ठंड में ठिठुरते लोगों को कंबल वितरित किए**–मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार देर रात उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने चामुंडा चौराहा पर ठंड में ठिठुरते हुए बुजुर्गों को कंबल बांटे। इसके बाद देवास गेट बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर वहां मौजूद यात्रियों को उन्होंने जब ठंड में ठिठुरते देखा तो उनसे बातचीत की और उन्हें कंबल वितरित किए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी भोपाल में भी कुछ दिन पूर्व रैन बसेरों और शहर के विभिन्न हिस्सों में शीतकाल में फुटपाथ पर रात बिता रहे निर्धन लोगों से मुलाकात की थी और उन्हें कंबल वितरित किए थे। ऐसे नागरिकों को ठंड से बचाने के लिए आवश्यक सहयोग के लिए प्रशासन को निर्देश भी दिए।

# सूर्य नमस्कार एवं युवा संवाद 12 जनवरी को

**भोपाल।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सामाजिक संगठन हिन्दू दर्पण युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत विवेकानंद के जीवन में आधारित संवाद विद्यालय के छात्र छात्राओं से किया जाएगा साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के पत्रकार संगठन के संयोजक सुखेन्द्र मिश्रा, संगठन महासचिव अश्विनी चौबे एवं श्रीमती पुनम अवस्थी जी प्रार्चाय क्षेत्रीय पार्षद सहित गणमान्य नागरिक छात्र छात्रा शिक्षक उपस्थित रहेंगे जिला अध्यक्ष यशवंत पांडेय ने कहा कि




यह आयोजन हर वर्ष किया जा रहा है संगठन सचिव सुरेश चौरसिया ने कहा कि संगठन स्वामी विवेकानंद को याद कर युवाओं को दिशानिर्देशों के साथ संगठन के सभी पदाधिकारी वरिष्ठजन सूर्य नमस्कार किया जाएगा मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री विश्वास सारंग खेल युवा कल्याण मंत्री मुख्य वक्ता पंडित श्री रमेश शर्मा जी वरिष्ठ समाजसेवी एवं देश भक्त राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा मिलती है अपनी प्रेस विज्ञाप्ति जारी करते हुए मनोज सिंह राजपूत ने जानकारी दी। यह आयोजन 12 जनवरी को शाउमा विद्यालय गोविंदपुरा में आयोजित किया जाएगा गा

# संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचित व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ लेवे - उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम बड़वन एवं धमनार में शामिल हुए। यात्रा के दौरान शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात शिविर में नन्ही–नहीं बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुतियां दी गई। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड आम जनता के लिए गारंटी कार्ड है। प्रधानमंत्री ने 5 लाख रुपए का गारंटी कार्ड प्रदान किया है। यह कार्ड फ्री में इलाज की गारंटी प्रदान करता है। एक समय था जब गंभीर बीमारियों के लिए इलाज करना बहुत मुश्किल हुआ करता था। कई लोगों को बड़ी–बड़ी बीमारियों के कारण जान तक गवानी पड़ती थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस बात की चिंता कर आयुष्मान कार्ड योजना बनाई। जो गरीब परिवारों के लिए सहारा बनी। किसी गरीब व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना किसी



पुण्य से कम नहीं है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सहित अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। जिसमें हम सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। यह भाव सबके अंदर उत्पन्न होना चाहिए। और यह हम सभी की जिम्मेदारी भी हैं। भारत को विश्व में नंबर वन स्थान पर लाने की। सरकार ने सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की है। सभी को शुद्ध पानी मिले, जिससे बीमारियों का प्रकोप ना हो। इसके लिए नल जल जैसी योजना सरकार ने बनाई। केन्द्र सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर राज्य का बराबर विकास किया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हर गरीब के घर में गैस के चूल्हे पर रोटियां बना रही है। ऐसे हितग्राही जिनको शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, या किसी कारण आवेदन जमा नहीं कर पाए वे संकल्प यात्रा के माध्यम से आवेदन दे सकते है। तथा शासन की योजनाओं का लाभ ले। शिविर में उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी लोगों से 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा नवीन गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रमाण पत्र, स्वस्थ बालक स्पर्धा कार्ड, पोषण किट आदि हितग्राहियों को प्रदान किए।



# संभागीय स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित सीहोर और नर्मदापुरा की टीम बनी विजेता

**भोपाल।** रायसेन में शहर के खेल स्टेडियम में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की ओर से संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें छह जिलों की टीमें भाग ले रही है। रविवार को प्रतियोगिता के पहले दिन दो मैच खेले गए, जिसमें सीहोर और नर्मदापुरम की टीमों ने जीत दर्ज की है। यह प्रतियोगिता 10 जनवरी तक चलेगी। पहले मैच में विदिशा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर के खेल में 60 रन बनाए। जिसका पीछा करने के लिए उतरी सीहोर की टीम ने 9 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में प्रियांस किरार ने 23 गेंद में 32 रन और अजय यादव ने 13 बाल पर शानदार 23 रन बनाए। दोनों की खिलाड़ियों ने एक–एक छक्का भी लगाया। कृष्णा रावत ने भी 17 रनों का योगदान दिया। दूसरा मैच राजगढ़ और नर्मदापुरम के बीच खेला गया। राजगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 80 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदापुरम की टीम ने 9 ओवरों में 2 विकेट खोकर 81 रन का लक्ष्य पूर्ण कर जीत हासिल कर ली।

# लपटों में घिरा परिवार, घबराकर कूदी लड़की की मौत, सागर में दो मंजिला मकान में लगी आग

**भोपाल।** सागर में दो मंजिला मकान में आग लगने से एक परिवार लपटों के बीच घिर गया। घबराहट में 13 साल की लड़की



दूसरी मंजिल से नीचे कूद गई। जिससे उसकी मौत हो गई। लड़की की मां और भाई बेहोश हो गए। घटना रविवार अल सुबह करीब 3.30 बजे की है। आग पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया जा सका। घटना शहर के रामपुरा वार्ड में बसेता वाली की है। यहां अशोक जैन के मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फोटोकॉपी की शॉप है। दूसरे फ्लोर पर परिवार रहता है। इसी मकान के बगल से उनका एक और मकान है। तीन दिन पहले ही पुणे से उनकी बेटी अमृता जैन अपने बच्चों एंजल (13) और यश के साथ सागर आई थी।

अमृता, उनके दोनों बच्चे और भाई सुरेंद्र जैन मकान के दूसरे फ्लोर पर सो रहे थे। परिवार के बाकी लोग दूसरे मकान में थे। तभी फोटोकॉपी शॉप में आग लगने से धुआं उठने लगा। जिससे अमृता और बाकी लोगों की नींद खुली। उन्होंने शॉप से लपटें उठती देख शोर मचाया। इसी बीच एंजल ने घबराहट में बचने के लिए छलांग लगा दी। आसपास के लोग उसे घायल हालत में अस्पताल ले गए। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका**–इधर, अमृता और उनके बेटे यश धुएं के कारण बेहोश हो गए। सुरेंद्र ने दोनों को बगल से ही लगे दूसरे मकान में शिफ्ट किया। अब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। 2 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। बाद में अमृता और उनके बेटे यश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच अधिकारी पीयूष साहू ने बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आ रहा है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है।



# कलेक्टर ने शुरू किया सुदान अभियान, स्कूली बच्चों के साथ वार्डों मे घूमकर कपड़े इकट्ठा किए

**भोपाल।** श्योपुर जिले के कलेक्टर संजय कुमार ने गरीबों को कपड़े उपलब्ध कराने के लिए जिले में सुदान अभियान शुरू किया है। इस आभियान के शुभारंभ के साथ कलेक्टर ने रविवार को स्कूली बच्चों और विभागीय अमले के साथ शहर के वार्डों में घूम कर लोगों से कपड़े इकट्ठा किए हैं। इन कपड़ो को कलेक्टर गांव–गांव घूम कर जरूरतमंदों को बांट रहे हैं। बीते शनिवार की रात उन्होंने आदिवासी विकासखंड क्षेत्र कराहल के ऊंचीखोरी गांव पहुंचकर गरीब परिवारों को कम्बल बांटे थे। अब तक करीब एक हजार कम्बल बांटे जा चुके हैं। इस अभियान में लोगों ने रविवार को बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। पहले दिन करीब 5 लोडिंग गाड़ी भरकर कपड़े मिले हैं। सोमवार को कर्मचारियों और अधिकारियों से भी कपड़े लिए जाएंगे और जो भी कपड़े दान करना चाहता है वह कॉल करके भी अपने कपड़ों को दान कर सकता है। इसके लिए कलेक्टर हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत करेंगे। कलेक्टर संजय कुमार ने बताया कि लोगों को कपड़े उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान शुरू किया है। पहले दिन लोगों ने बढ़–चढ़कर कपड़े दान किए। करीब पांच गाड़ियां भरकर कपड़े मिले हैं यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वनोपज संग्रहण से जुडे परिवारों के लिये सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**भोपाल।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने वनोपज संग्रहण से जुडे परिवारों के लिये सामाजिक सुरक्षा दायरे और ज्यादा बढ़ाने के लिये संबंधित अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं। वनमंत्री ने कहा कि मप्र में वनोपज की बहुलता और विविधता है। वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने से इससे जुडे परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके लिये जरूरी है कि प्रत्येक परिवार का डेटा बेस तैयार करायें जिससे सभी प्रकार के हितलाभ उन्हें दिये जा सके। कोई भी परिवार लाभ से वंचित नहीं रहे।

वन मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुदूर अंचलों में साप्ताहिक हाट बाजारों में लघु वनोपजों का स्थानीय व्यापार होता है। कई बिचौलिये कम दामों में जनजातीय संग्राहकों से वनोपज खरीद लेते हैं और फिर ऊंचे दामों में बेचते हैं। आंवला, अचार, महुआ, बहेडा, बेल गूदा, धवई फूल, चिरायता, नागरमोथा, पलाश फूल, निर्मली, बायविडंग, गटारन, गुडमार पत्ती, सतावर, सलई गोंद जैसी कई वनोपज संग्राहक लाते हैं लेकिन सही बाजार रणनीति के अभाव में वे सही पारिश्रमिक मिलने से वंचित रह जाते हैं। स्थानीय व्यापारियों को वे बेच देते हैं।

वन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जब 32 प्रकार की वनोपजों का समर्थन मूल्य घोषित है तो संग्राहकों को भी उनकी मेहनत का दाम दिलाने के लिये उपयुक्त रणनीति बनायें। उन्होने कहा कि इन वनोपजों के दाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ते घटते रहते हैं। इसलिये वनोपजों का संग्रह कर रहे परिवारों को इसकी भी जानकारी होना चाहिए। संबंधित अधिकारी एक आसान व्यवस्था बनाये कि कि कैसे बाजार दरों की जानकारी संग्राहकों को हो सकती है।

अब तक 32 लघु वनोपजों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया जा चुका है। लघु वनोपजों के संग्रहण मूल्य निर्धारित होने से वनवासियों को इन वनोपजों के लिए बिचौलियों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। इससे उनके आर्थिक हालात सुधरेंगे। जिन लघु वनोपजों का प्रथम बार समर्थन मूल्य प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है, उनमें जामुन बीज 42 रुपये, आंवला गुदा 52, मार्किंग नट (भिलावा) 9 रुपये, अनन्त फूल 35, अमलतास बीज 13, अर्जुन छाल 21, गिलोय 40, कोंच बीज 21, कालमेघ 35 रुपये, बायबडंग बीज 94, धवई फूल 37, वन तुलसी पत्तियाँ 22, कुटज (सुखी छाल) 31, मकोय (सूखी छाल) 24, अपंग पौधा 28, इमली (बीज सहित) 36, सतावरी की सूखी जड़ 107 और गुडमार लघु वनोपज 41 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

# हर युवा के हाथों में हुनर के लक्ष्य को लेकर प्रशिक्षण दें – टेटवाल

**भोपाल।** हर युवा के हाथों में हुनर हो और वे स्वयं के साथ–साथ प्रदेश व देश की प्रगति में योगदान दे सकें। इस लक्ष्य के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से युवाओं का कौशल उन्नयन करें। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कही। श्री टेटवाल ने संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला ग्वालियर में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।



श्री टेटवाल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में कौशल उन्नयन के लिये नवाचार करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि प्रदेश में तहसील स्तर पर आईटीआई खोलने का निर्णय सरकार ने लिया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल ने रविवार को संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला ग्वालियर का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यार्थियों से चर्चा की और संभागीय व जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान उन्होंने आह्वान किया कि आप सब पूरी मेहनत और लगन के साथ आईटीआई का कोर्स पूरा करें ओर रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। सरकार आप सबको उद्यमी बनाने में पूर्ण सहयोग करेगी। संभागीय संयुक्त संचालक कौशल विकास श्री दीपक गंगाजलीवाले ने संभाग में चल रहीं विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 ओडीएफ और स्टार रेटिंग के परिणामों की घोषणा, मध्यप्रदेश ने अपनी बढ़त रखी जारी

**भोपाल।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की अधिकृत घोषणा की गई है। इसके अनुसार राज्य के इंदौर, भोपाल, महू कैंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद एवं बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के रूप में मध्यप्रदेश को भी सम्मानित किया जाएगा। शनिवार देर रात जारी स्वच्छ सर्वेक्षण परिणामों में खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। इन परिणामों के अनुसार मध्यप्रदेश के शहरों ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के 378 शहरों ने भाग लिया था। ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले निकायों की संख्या अब बढकर 361 हो गई है। यह पिछले वर्ष तक 324 थी। इसके अलावा मलजल प्रबंधन के लिए प्राप्त होने वाले वॉटर प्लस प्रमाणीकरण में प्रदेश के 6 शहरों को इस साल यह प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष मध्यप्रदेश के सिर्फ इंदौर और भोपाल शहरों को यह सम्मान मिला था। इस प्रकार अब प्रदेश के इंदौर, भोपाल, देवास, उज्जैन, ग्वालियर, बुधनी, और धरमपुरी शहरों को यह सम्मान मिला है। प्रदेश में खुले में शौच को स्थाई रूप से रोकने के लिए प्रदेश के 5 लाख 79 हजार से अधिक जरूरतमंद परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय तैयार कर प्रदान किए गए हैं। साथ ही प्रदेश में 2500 से अधिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्पलेक्स का निर्माण भी कराया गया है। इसी प्रकार स्टार रेटिंग के कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग भी एक प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण है। जिसमें मध्यप्रदेश के 158 शहरों को यह प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ था। विगत वर्ष यह प्रमाणीकरण सिर्फ 99 शहरों को प्राप्त हुआ था। इसके अलावा इंदौर को 7 स्टार शहर और भोपाल को 5 स्टार शहर का दर्जा प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है।

**स्वच्छता हमारे लिये संकल्प**–नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि स्वच्छता हमारे लिए एक संकल्प है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर हम इस संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे शहर निरंतर मेहनत कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश की स्वच्छता में हमारे सफाई मित्रों, आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ का साथ दिया। हम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वच्छता, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए कटिबद्ध हैं। यह सिर्फ एक शुरूआत है, हमें इसके लिए मिलजुलकर और लगातार प्रयास करना होंगे।

# यातायात नियमों का करें पालन, मुरैना पुलिस ने निकाली यातायात रैली

**भोपाल।** हमें यातायात के नियमों का पालन चालानी कार्रवाई से बचने के लिए नहीं बल्कि



अपनी सुरक्षा करने के लिए किया जाना चाहिए। यह बात मुरैना पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने रविवार को कहीं। रविवार को मुरैना पुलिस द्वारा यातायात विभाग के तारतम्य में यातायात सुरक्षा रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत मुरैना पुलिस लाइन से की गई। पुलिस अधीक्षक ने रैली को हरी झंडी दिखाई। आगे आगे पुलिस अधीक्षक तथा उनके साथ एसपी अरविंद ठाकुर, सीएसपी राजेश गुप्ता तथा यातायात विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी साथ में रहे। रैली पूरे शहर में घूमी। रैली के दौरान शहर वासियों को समझाइश दी गई कि वे यातायात के नियमों का पालन करें और अपने और अपने परिवार की सुरक्षा करें। बता दें कि मुरैना जिले में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। ट्रैक्टर एवं ट्रैकों की चपेट में आकर लोग मर रहे हैं। कभी–कभी तो यह स्थिति देखने को आती है कि ई रिक्शा तक पलट जाते हैं। मुरैना जिला चिकित्सालय में सबसे अधिक एक्सीडेंटल के केसे आते हैं।

समय

सीधी, सोमवार 8 जनवरी 2024

# निगाही व जयंत कांटा पर कोयला तौल में भारी गोलमाल ,कोयले की कालिख का सब पर पड़ रहे छिटे

## एनसीएल व स्थानीय पुलिस की सांठगांठ से चल रहा ओवरलोड का खेल

समय| सिंगरौली

कोयले की चोरी कैसे और किस अंदाज में की जाती है यह नजारा निगाही व जयंत कांटा पर देखा जा सकता है। इस कोयले की कालिख की हर छिंट प्रशासन व पुलिस पर पड़ रही है। यह खेल भले ही ट्रांसपोर्टर खेल रहे हों लेकिन प्रशासन पर ऊंगली उठना लाजिमी है। मानक से ज्यादा कोल ओवरलोड करके भेजा जा रहा है। इसकी भनक हर जिम्मेदार को है। लेकिन कमीशन के आगे हर कोई नतमस्तक दिखाई दे रहा है। बताते चले कि बिजली उत्पादन करने के लिए एनसीएल की परियोजनाओं से कई कंपनी कोयला ले रही हैं। यह जानकर हैरानी होगी कि एनसीएल की खदानों से कोयला लेकर जाने वाले वाहन कमीशन के खेल में ओवरलोड हो रहे हैं। वाहनों के ओवरलोड होने का



नतीजा यह कि एक ओर जहां कोयला कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं एनजीटी के आदेश की धज्जियां उड़ रही हैं। यह खेल कोयला कंपनी के अधिकारियों, ट्रांसपोर्टरों, जिला प्रशासन व पुलिस के बीच सेटिंग से चल रहा है। एनसीएल की परियोजनाओं से कोयला परिवहन कर रहे वाहनों के लिए निर्धारित क्षमता तय किया गया है। ताकि वाहन ओवरलोड कोयला भरकर परिवहन न करें लेकिन हकीकत यह है कि 35 टन की क्षमता वाले वाहन में 45 टन से अधिक कोयला भरा जा रहा है। यहां एनसीएल व प्रशासन की सांठगांठ से ओवरलोड का खेल चल रहा है। कमीशन के आगे सारे नियम कायदे बौने साबित हो रहे हैं। इसकी जानकारी एनसीएल के अधिकारियों व जिला प्रशासन को होने के बावजूद इस पर रोक नहीं लग पाना इन अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जबकि कोल परिवहन करते ओवरलोड वाहन कई लोगों की जिंदगी ले चुके हैं।

### ओवरलोड कोयले का हो रहा परिवहन

सूत्र बताते हैं कि परियोजनाओं में कोयला भरने जा रहे वाहन बिना पास आसानी से अंदर प्रवेश कर लेते हैं और फिर वहां से ओवरलोड कोयला लेकर उसी रास्ते से बाहर निकलते हैं। यहां गेट पर एनसीएल की सिक्योरिटी तैनात रहती है। बताया गया है कि कोल ट्रांसपोर्टर बिना पासिंग वाहन को अंदर प्रवेश कराकर कोयला लेकर जाने के एवज में सिक्योरिटी इंचार्ज को कमीशन देते हैं। जिससे इन्हें छूट दे दी जाती है।

### ओवरलोड वाहनों को नजरअंदाज कर देती है पुलिस

नाम नहीं छापने के शर्त पर ट्रांसपोर्टर ने बताया कि पुलिस को प्रत्येक महीने कमीशन दिया जाता है। यही वजह है कि चौकी पुलिस इन ओवरलोड वाहनों को नजरअंदाज कर देती है। भले ही दुर्घटनाएं घटित होने पर पुलिस को परेशानियों का सामना करना पड़े। लेकिन इसका कोई फर्क नहीं पड़ता।

### निगाही व जयंत कांटा पर तौल कांटा पर चल रहा खेल

सूत्रों के मुताबिक जब कोयला भरकर ट्रेलर वाहन तौल कराने के लिए कांटा पर जाते हैं। जहां निर्धारित क्षमता से एक टन अधिक होने पर तीन–चार हजार रुपए कांटा पर तैनात एनसीएल कर्मचारी को दिया जाता है। इसी तरह एक वाहन में पांच टन ओवरलोड है तो उसके एवज में 15– 20 हजार रुपए कमीशन दिया जा रहा है। एनसीएल से कोयला ले रही संबंधित कंपनी कांटा पर अपने एक कर्मचारी को तैनात रखती है।

## ब्रीफ न्यूज

### बनौली के लोग बारिश तक रहेंगे घरों में कैद!

**सिंगरौली ।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 21 बनौली के रहवासी बारिश तक घरों के परिसर में ही कैद रहेंगे। यह सुनने में थोड़ा सा हैरानी भरा जरूर लग रहा है। लेकिन बात सौ आना सच है। हुआ यूँ कि सीवरेज ठेकेदार ने एक सप्ताह पूर्व सड़क खोद दिया है। जहॉ दर्जनों घरों के लोग सड़क पर नहीं पहुंच पायेंगे। जिससे यहॉ के रहवासियों में संविदाकार एवं ननि के खिलाफ काफी नाराजगी दिखने लगी है। दरअसल सीवरेज लाइन के ठेकेदार एक नहीं कई सड़कों को खोदकर तहस–नहस कर दिया है। जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और इन दिनों बेमौसम बारिश से सड़क मार्ग की हालत काफी खस्ता है। आलम यह है कि लोग पैदल भी नहीं चल पा रहे है। ऐसा ही मामला वार्ड क्रमांक 21 बनौली –हर्रई मार्ग का है जहॉ दर्जनों मकानों में रहने वाले रहवासी शनिवार से ही घरों बाहर परिसर तक ही निकल पा रहे है। सामने सीवरेज का मलवा इतना डम्प है कि मिट्टी किचड़ में तब्दील होने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल है। मोटर सायकल, सायकल भी घर से बाहर निकालकर मुख्य मार्ग में आना कठिन है। वहीं दूसरी तरफ खाईनुमा, गड्ढेदार सड़क में कई जगह इतना पानी भरा है कि देखकर ही लोग परेशान होकर ननि को कोसने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। रहवासियों का आरोप है कि संविदाकार की लापरवाही का खामियाजा यहॉ के रहवासियों का भुगतना पड़ रहा है। साथ ही मिट्टी के मलवा से स्कूली बच्चे भी परेशान है। महिलायें सब्जी तक लेने नहीं जा पा रही है। शनिवार को लोग जब घर से बाहर निकलने लगे तो कई बच्चे फिसलकर गिर पड़े। रहवासियों ने मेयर, अध्यक्ष एवं निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है। ननि के वार्ड क्रमांक 41 गनियारी बस्ती मुख्य मार्ग को सीवरेज संविदाकार ने इस तरह से तहस–नहस किया है कि शनिवार की सुबह पैदल भी लोग नहीं चल पा रहे थे। पूरी तरह सड़क कीचड़ में तब्दील है और यहॉ के सैकड़ों रहवासी परेशान होकर पार्षद से गोहार लगा रहे हैं।

### चितरंगी में विद्यालय की व्यवस्था है शून्य, समय से नहीं खुलता स्कूल, फिर बच्चे कैसे बनेंगे अफसर

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत मौहारिया ग्राम के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में नहीं बन पा रही है शिक्षा की व्यवस्था, जब भी बच्चे स्कूल जाते है तो उन्हें स्कूल के गेट पर टाला लटका हुआ दिखाई देता है जिसके वजह से बच्चो को वापस अपने घर लौटना पड़ता है– जनपद शिक्षा केंद्र चितरंगी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम मौहारिया में बीते 4 दिन के छुट्टी के बाद 5 जनवरी 2024 को भी विद्यालय ताला लटका हुआ मिला जिससे छात्र एवं छात्रों को स्कूल से मुँह लटकाकर घर वापस आना पड़ा अब स्कूल बंद होने की या स्कूल के गेट में ताला लगने के पीछे क्या वजह है इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन अगर सिंगरौली जिले की शिक्षा व्यवस्था इतनी नाजुक रहेगी तो सिंगरौली का भविष्य कैसे बनेगा और बच्चे अपना भविष्य कैसे सुधार पाएंगे।

### योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित, आयोजित हो रहे हैं स्वास्थ्य शिविर

**रीवा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद पंचायत रीवा के सिलपरा, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के नर्रहा, जनपद पंचायत हनुमना के पिड़रिया एवं खटखरी तथा जनपद पंचायत जवा के जोन्हा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सिलपरा में आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 53 मरीजों को औषधि प्रदान की गयी। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है।

# संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का राज्य मंत्री ने किया भूमि पूजन

समय| सिंगरौली

राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती राधा सिंह ने चितरंगी तहसील के दुधमनिया में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का भूमि पूजन किया इसकी लागत 795.82 लाख है। इस अवसर पर उपस्थित जन सामूह को



संबोधित करते हुये राज्य मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि मेरे ससुर तथा राज्य शासन में मंत्री रहे स्वर्गीय श्री जगन्नथ सिंह का सपना था वह आज पूरा हो रहा है दुधमनिया में तहसील भवन निर्माण का। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र के विकास की चिंता की है जिसके कारण हमको यह सौगात मिली है। राज्य मंत्री ने कहा कि दुधमनिया क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कसर नही छोड़ी जायेगी। तथा विकास कार्यो के लिए राशि की कोई कमी नही आयेगी। मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्यो के लिए तटस्थ है हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशन में पूरे प्रदेश के साथ साथ जिले का चाहुमुखी विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बैगा सहरिया इनके बच्चो के लिए जहा शिक्षा के लिए कई प्रावधान किये गये है वही इनके आवास के लिए भी दो लाख राशि प्रदान की जा रही है। राज्य मंत्री श्रीमती सिंह ने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करे। तहसील भवन का निर्माण हो जाने से अधिकारी कर्मचारियो जहा अच्छे से कार्य कर सकेगे वही इस क्षेत्र के जनता के कार्य कम समय से सुगमता के साथ हो सकेगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री अमर सिंह, डॉ. रविन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सदस्य अशोक सिंह पैगाम, सरपंच राजनाथ सिंह, दरोगा सिंह सहित वरिष्ट समाज सेवी चंन्द्रिका बैस, शारदा शर्मा, राजेश सिंह, एसडीएम चितरंगी असवन राम चिरावन, तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह, सरिका परस्ते सहित भारी सख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा का एक-एक संकल्प होगा पूरा, संकल्प यात्रा जारी

समय| सिंगरौली

केंद्र सरकार की मोदी की गारंटी वाली विजय संकल्प यात्रा जिले के प्रत्येक पंचायत तथा नगरीय निकायों के वार्डो में पहुंच रही है। संकल्प यात्रा को सार्थक बनाने के लिये सरकार तथा प्रशासन के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी जोर शोर से लगा हुआ है। संकल्प यात्रा के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं की पूरी टीम क्रियाशील है जोकि जन जन तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने का काम कर रही है तथा संकल्प यात्रा के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये दिन रात लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना पर आधारित इस अभियान में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के निर्देशन तथा संकल्प यात्रा के जिले



के प्रभारी एवं महामंत्री सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों की पूरी इकाई काम कर रही है। यात्रा के प्रभारी एवं भाजपा के जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने बताया कि हमारे सरकार द्वारा प्रायोजित ये संकल्प यात्रा मध्यप्रदेश में 16 दिसंबर को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रारंभ हुई थी, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस यात्रा का शुभारंभ किया था तथा अगले दिवस यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर जिले एवं विकास खंड पर प्रारंभ हुई । अपने जिले में ये संकल्प यात्रा तीनों विकासखण्ड तथा तीनों विधानसभाओं में संचालित है। विजय संकल्प यात्रा प्रत्येक नगरीय तथा ग्रामीण इकाईयों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है तथा शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं आम जन तक पहुंचा रही है। हमारे समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण नगर पार्षद, ग्राम सरपंच एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी तथा शक्ति केन्द्र तक के कार्यकर्ता इस संकल्प यात्रा को सफल तथा सार्थक बनाने में लगे हुए हैं।

### गिट्टी-मिट्टी एवं रेत के अवैध परिवहन पर हुई कार्रवाई

# खनिज अमला ने एक डम्फर सहित तीन ट्रैक्टर किया जप्त

**बरगवॉ ।** बैढन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गनियारी में गिट्टी एवं मिट्टी तथा रेत का अवैध परिवहन करते हुये एक डम्फर सहित तीन ट्रैक्टरों को खनिज अमले की जांच परख कर जप्त



करते हुये कार्रवाई की है। खनिज विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिन शनिवार को कलेक्टर अरूण परमार, एसपी यूसुफ कुरैशी एवं एएसपी शिव कुमार वर्मा के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी ए के राय के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला एवं खनि सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह द्वारा सुरक्षा बल सियाराम पटेल, जगदम्बा प्रसाद तिवारी, प्रकाश मिश्रा, गजानन्द कुमार के साथ संयुक्त रूप से सिंगरौली अन्तर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जांच के दौरान गनियारी- बैढन अन्तर्गत 2 ट्रेक्टर ट्राली एवं एक डम्फर क्रमांक एमपी 53 जीए 1699 को खनिज गिट्टी का तथा एक ट्रेक्टर ट्राली को मिट्टी का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ थाना कोतवाली परिसर में खड़ा कराया गया है। कुल 4 वाहनों के विरुद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्य प्रदेश खनिज अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्यवाही हेतु कलेक्टरके समक्ष प्रस्तुत किया।

## विधायक व ननि अध्यक्ष ने शहर में लगाया झाड़ू



**सिंगरौली ।** स्वच्छ भारत अभियान को सिंगरौली विधायक एवं ननि अध्यक्ष सफल बनाने के लिये लग गये है। शनिवार की सुबह जिला चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का लोगों को शपथ दिलाया। सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे के उपस्थिति में जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर तथा जिला न्यायालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। जहां पर जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, वार्ड पार्षद सीमा जयसवाल, संतोष शाह मोहम्मद कुद्दुस, सफाई निरीक्षक संतोष तिवारी, जितेंद्र सिंह, रावेंद्र सिंह नगर निगम के सफाई कर्मचारी समाजसेवी मौजूद रहे।

### प्रस्तावित एनएच 135 की प्रक्रिया शुरू होते ही राजस्व अमले का खेल शुरू

# बगदरा क्षेत्र के करौदिया में नक्शा में हुआ खेला, लम्बे अर्से से पदस्थ पटवारी की भूमिका संदेह के घेरे में

समय| सिंगरौली

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से चितरंगी-सिंगरौली तक के लिये प्रस्तावित एनएच 135सी प्रक्रिया श्री गणेश होते ही राजस्व अमला अपना खेला शुरू कर दिया है। ऐसा ही एक सनसनी खेज मामला राजस्व सर्किल कोरावल के करौदिया गांव का सामने आया है। जहॉ प्रभारी आरआई की करतूत से कास्तगार खफा होकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत दर्ज करा दिया है।



दरअसल राष्ट्रीय राजमार्ग 135 प्रयाग राज से सिंगरौली तक के लिये भारत सरकार से मंजूरी मिली है और यह एनएच बगदरा चितरंगी होते हुये सिंगरौली पहुंचेगी। एनएच की प्रक्रिया शुरू हो गयी है और राजस्व अमला भी अपना खेला शुरू कर दिया है। करौदिया गांव के शिकायत कर्ता भारद्वाज उपाध्याय ने बताया है कि करौदिया में आराजी नम्बर 404 पुस्तैनी भूमि है। जहॉ 2 जनवरी तक नक्शा में कोई फेरबदल नहीं हुआ था। अचानक 4 जनवरी को नक्शा ही बदल दिया गया और यह सब खेला पटवारी एवं प्रभारी आरआई हरि प्रसाद वैस ने किया है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि उक्त आराजी में कुछ अपने चहेतों को लाभ दिलाने षडयंत्र पूर्वक नक्शे में भारी हेर-फेर किया है। पटवारी से मिलने पर नक्शा सुधार कर उल्टा घुड़की भी दे रहे है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि उक्त पटवारी यहॉ लम्बे अर्से से पदस्थ है और इनकी क्रियाकलाप जगजाहिर है। जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज करायी गयी है। अब जहॉ नक्शे में छेडख़ानी की गयी है। वहॉ मकान बनाने के लिये सामग्री का परिवहन किया जा रहा है। ताकि भारी भरकम मुआवजा लिया जा सके। शिकायत कर्ता ने सबसे पहले पटवारी को हटाने एवं नक्शा पूर्व की तरह यथावत किये जाने की मांग एसडीएम एवं कलेक्टर से किया है।

### जिसकी 6 माह पहले हुई थी मौत, वो हो गया जिंदा!

# पुलिस की पदोन्नति और ट्रांसफर लिस्ट से मचा बवाल

समय| सिंगरौली

अजब मध्य प्रदेश के गजब करना में तो आपने अक्सर सुना होगा अब पुलिस अधिकारियों की एक घोर लापरवाही सामने आयी है। हुआ यूँ कि 6 माह पूर्व एक मृतक प्रधान आरक्षक जिंदा हो गया! यह कैसे हुआ यह अभी भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। मृतक प्रधान आरक्षक का पदोन्नति कर कार्यवाहक एएसआई बनाते हुये रीवा जिले के लिये स्थानान्तरण कर दिया गया है। हालांकि पुलिस की यह पहली दफा गलती नही है। पिछले वर्ष 2 जुलाई को सिंगरौली पुलिस के तबादला सूची में कई ऐसे पुलिस कर्मियों का दो-दो बार तबादला किया गया था जिनके नाम की पोस्टिंग जिले में भी नहीं थी। दरअसल पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 5 जनवरी को उप पुलिस महानिरीक्षक विसबल मुख्यालय भोपाल के द्वारा प्रधान आरक्षक से कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक के पद पर



पदोन्नति सूची जारी की गयी। इस पदोन्नति सूची में सिंगरौली जिले में पूर्व में पदस्थ प्रधान आरक्षक बैच नम्बर 310 सुल्तान खान को कार्यवाहक एएसआई का प्रभार का उल्लेख करते हुये स्थानांतरण भी कर दिया गया है और जब यह पदोन्नति सूची जारी हुई और भारी त्रुटि एवं पुलिस अधिकारियों की लापरवाही सामने आने पर मामला सोसल मीडिया में तूल पकडऩे लगा। यहॉ बताते चले कि प्रधान आरक्षक सुल्तान का निधन करीब छ्महीने पूर्व लम्बी बीमारी के बाद हो गया था। लेकिन भोपाल में उनका नाम यथावत रहा और मृतक की सूची में शामिल नहीं हुआ। कहीं ना कहीं पुलिस अधिकारियों की लम्बी चूक एवं लापरवाही को लेकर पुलिस महकमे की खूब किरकिरी हो रही है।

### दस वर्षो से बीमार चल रहे थे सुल्तान

पुलिस लाइन सिंगरौली पूर्व में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुल्तान खान गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। जिनका इलाज भी चल रहा था लेकिन दवा का कोई असर नहीं पड़ा और तकरीबन छ्- महीने पहले दुखद निधन हो गया। अब प्रमोशन एवं तबादला सूची में नाम सामने पर पुलिस अधिकारी इसे सुधार करने में लगे हुये है और मामला सिंगरौली से लेकर भोपाल मुख्यालय तक तूल पकड़ा हुआ है।

### इनका कहना है

सुल्तान का निधन छः महीने पूर्व हो चुका है। त्रुटिवश सूची में नाम आ गया है। जिसे ठीक कराया जा रहा है। कहां से गलती हुई, पता लगाने का कार्य चल रहा है।

**शिव कुमार वर्मा, एएसपी सिंगरौली**

# श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली विशाल कलश यात्रा

**भुईमाड़।** श्रीराम जन्मभूमि में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत व कलश पूजन के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान समस्त लोगों व आमजन मानस से प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीवाली जैसा महोत्सव मनाने की अपील की गई। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण चल रहा है। 22 जनवरी का रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होना है, जिसकों लेकर भुईमाड़ क्षेत्रवासी व धार्मिक संगठनों के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता भुईमाड़ के मझौली टोला मे स्थित हनुमान जी के मंदिर प्रागंण पर एकत्र हुए, जहां अयोध्या से आए पूजित अक्षत और कलश का पूजन किया गया। इसके बाद तमाम पदाधिकारी कलश को लेकर मझौली टोला से आजाद नगर, आरा पहड़ी, होते हुए भुईमाड़ चौराहे,से कठौतिया, पंडितान मोहल्ला, से भुईमाड़ चौराहे होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पर कलथ यात्रा का समापन हुआ। कलश यात्रा पूरे क्षेत्र में धूमधाम से निकाली गई, साथ ही लोगों से 22 जनवरी के दिन दी जैसा महोत्सव मनाने की अपील की गई। एवं 16 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित होने कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपील की गई, इसके साथ ही 22 जनवरी को हनुमान मंदिर मझौली टोला भुईमाड़ में टीवी स्क्रीन के माध्यम लाइव दिखाया जाएगा एवं अन्य कार्यक्रम के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल कुशमी के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बैस, राजेश गुप्ता, रमाशंकर जायसवाल, रामजियावन गुप्ता, राकेश गुप्ता, सत्यदेव पनिका,रामसुभग साहू, संदीप बैस,सहायक सचिव भुईमाड़ सुखेन्द्र बैस, पूर्व सरपंच नरेशकली सिंह, के साथ क्षेत्र के लोग भारी संख्या में महिला पुरूष व बच्चे सम्मिलित हुए, सुरक्षा की दृष्टिकोण रखते हुए भुईमाड़ थाना प्रभारी आकाश सिंह राजपूत अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।



## विधायक व ननि अध्यक्ष ने शहर में लगाया झाड़ू



**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत अभियान को सिंगरौली में सफल बनाने के लिए विधायक एवं ननि अध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।शनिवार की सुबह जिला चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का लोगों को शपथ दिलाया। सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे के उपस्थिति में जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर तथा जिला न्यायालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। जहां पर जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, वार्ड पार्षद सीमा जयसवाल, संतोष शाह मोहम्मद कुद्दुस, सफाई निरीक्षक संतोष तिवारी, जितेंद्र सिंह, रावेंद्र सिंह नगर निगम के सफाई कर्मचारी समाजसेवी मौजूद रहे।

धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्थाओं का आलम

# धान परिवहन में हो रही लापरवाही बारिश से भीग भी रही धान

**सीधी।** इन दिनों एक और जहां पूरे जिले का मौसम ठंड बादल, धुंध है वहीं दूसरी ओर जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्थाओं का आलम देखने को मिल रहा है। हालात ये हैं कि किसान अपनी धान तो खरीदी केन्द्रों में देते हैं लेकिन उनका उठाव भी होना नहीं दिख रहा है। परिवहन का काम न होने से सरकार को करोड़ों का नुकसान देखने को मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास की बात करने वाली प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की इस योजना में भी अब पलीता लगता देखा जा रहा है। सरकार धान की खरीदी के लिए केन्द्र बनाए है, अधिकतर केन्द्रों में धान की खरीदी हो रही हैं परन्तु उठाव न होने से धान बारिश के कारण बर्वाद भी होती दिख रही है। खरीदी केन्द्रों में रखी जाने वाली धान को लेकर उसे ढकने के लिए पॉलीथिन के नाम पर भारी बजट निकाला जा रहा है लेकिन हालात ये हो गए हैं कि थोड़ी सी बारिश से ही कई खरीदी केन्द्रों में धान की फसल बर्वाद होती दिख रही है।



### अव्यवस्थाओं का शिकार हैं धान खरीदी केंद्र

जिले के सभी खरीदी केन्द्रों में आलम ये है कि कहीं पॉलीथिन की समस्या है तो कहीं समय पर किसानों की धान का परिवहन नहीं हो रहा है। अब बारिश का दौर शुरू हो गया है और परिवहन न होने की वजह से सरकार को इसमें काफी नुकसानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कही न कहीं सरकार एवं जिला प्रशासन की यह अनदेखी मानी जा सकती है। यही कारण है कि खरीदी केन्द्रों में परिवहन की भारी अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही है। अन्यथा समय पर परिवहन व्यवस्था होती तो धान खरीदी केन्द्रों में परिवहन के माध्यम से समुचित स्थानों में धान का उठाव किया जा सकता था। इस मामले में जिले के प्रशासनिक अधिकारी ही लापरवाह माने जा सकते हैं। यही वजह है कि अब वो भी मौन हैं। कारण यह कि उनके द्वारा कोई इस मामले में पहल नहीं की जा रही है।

### प्रशासनिक पहल का अभाव

जिले की धान खरीदी केन्द्रों में हालहि में बारिश की वजह से धान की बोरियां भीगती नजर आई । लेकिन प्रशासनिक अमले द्वारा परिवहन की व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिस वजह से हालात ये हो गए हैं कि खरीदी केन्द्रों में पॉलीथिन के सहारे धान की सुरक्षा के लिए खरीदी केन्द्र के प्रबंधक द्वारा व्यवस्था तो की जाती है लेकिन समुचित व्यवस्था न होने के कारण धान बारिश के कारण गीली हो गई हैं। अधिकतर स्थानों में इस तरह की शिकायतें देखने को मिल रही हैं। इसके बावजूद भी सरकारी विभाग के अधिकारी कोई पहल नहीं कर पा रहे हैं जबकि उनका दायित्व है कि खरीदी केन्द्रों में इस मामले में पहल करें एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर समुचित वाहन की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी अधिकारी को होनी चाहिए।

# ओबी कंपनी कलिंगा में खुलेआम बिक रही है नौकरी नेता से लेकर समाजसेवी तक दलाली से कर रहे कमाई

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश की नई मोहन यादव सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करती है। देश के प्रधानमंत्री मोदी देश से भ्रष्टाचार के दीमक को खत्म करने की बात करते हैं। जिले में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की कसमें खाई जाती हैं परन्तु जिले में खुलेआम नौकरी बेची जा रही है। इसके बावजूद आज तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसी ही सुर्खियों में एनसीएल की अमलोरी परियोजना में ओबी का कार्य करने का नया टेंडर पायी कलिंगा कंपनी की बनी है। कलिंगा कंपनी को ओबी हटाने का कार्य मिला है और कंपनी में नयी भर्तियां हो रही हैं वह भी पैसे लेकर। बताया जाता है कि कलिंगा कंपनी में एक से दो लाख रूपये लेकर भर्ती की जा रही है।

कंपनी के आला अधिकारियों को अंधेरे में रखकर सिंगरौली जिले में कार्यभार देख रहे मिश्रा व जावेद के द्वारा कंपनी में भर्तियां की जा रही हैं वह भी लाखों रूपये लेकर। कंपनी की पालिसी क्या है इसकी तो किसी को जानकारी नहीं हैं परन्तु मिश्रा व जावेद की जो पालिसी है उसको जिले के तमाम नेता व समाजसेवी समझ रहे हैं और बहती गंगा में हाथ धोने से पीछे नहीं हट रहे हैं।इन दिनों कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के लिए जमकर हड़ताल प्रदर्शन हो रहे हैं। असलियत तो यह है कि हड़ताल बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए नहीं बल्कि अपना कोटा फिक्स करने के लिए किया जा रहा है। बहती गंगा में कई लोग हाथ धो चुके हैं और कई लोग धोने के लिए उतावले है। जिले के बेरोजगारों के साथ किस तरह छल किया जा रहा है उसका जीता जागता उदाहरण कलिंगा कंपनी में देखा जा रहा है। कंपनी के दो अधिकारियों मिश्रा व जावेद का रसूख इन दिनों ऐसा है कि बड़े-बड़े इनके सामने हाथ फैलाये खड़े दिखायी दे रहे हैं।

अगर कलिंगा कंपनी के मिश्रा एवं जावेद का यही रवैया रहा तो कंपनी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। सूत्र बताते हैं कि जावेद अपने समाज के लोगों को भर्ती करवाने में लगा है तो मिश्रा सबसे ज्यादा रीवा के लोगो को एवं दलालों के माध्यम से लिए गए पैसों पर नौकरी दिलवा रहे हैं। इसकी चर्चा हर जगह हो रही है।

**दलाली एवं नेतागिरी हावी:** इसकी पड़ताल करने वालों का कहना है कि इसके पीछे एक दो बाहुबली भी लगे हैं जिसके वजह से मिश्रा और जावेद अपने मनमानी पर उतारू है और कंपनी के अंदर दलाली एवं नेतागिरी हावी है। कोई अपने पावर की धौस देकर तो कोई अपने जूते के दम पर नौकरी पैसे लेकर कलिंगा में लगवा रहा है।

# संकल्प यात्रा को जन- जन तक पहुंचाने में जुटा भाजपा का संगठनः सुंदरलाल



**सिंगरौली।** केंद्र सरकार की मोदी की गारंटी वाली विजय संकल्प यात्रा जिले के प्रत्येक पंचायत तथा नगरीय निकायों के वार्डों में पहुंच रही है। संकल्प यात्रा को सार्थक बनाने के लिये सरकार तथा प्रशासन के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी जोर शोर से लगा हुआ है। संकल्प यात्रा के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं की पूरी टीम क्रियाशील है जो कि जन जन तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने का काम कर रही है तथा संकल्प यात्रा के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये दिन रात लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना पर आधारित इस अभियान में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के निर्देशन तथा संकल्प यात्रा के जिले के प्रभारी एवं महामंत्री सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों की पूरी इकाई काम कर रही है।

यात्रा के प्रभारी एवं भाजपा के जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने बताया कि हमारे सरकार द्वारा प्रायोजित ये संकल्प यात्रा मध्यप्रदेश में 16 दिसंबर को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रारंभ हुई थी।प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस यात्रा का शुभारंभ किया था तथा अगले दिवस यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर जिले एवं विकास खंड पर प्रारंभ हुई । अपने जिले में ये संकल्प यात्रा तीनों विकासखण्ड तथा तीनों विधानसभाओं में संचालित है। विजय संकल्प यात्रा प्रत्येक नगरीय तथा ग्रामीण इकाईयों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है तथा शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं आम जन तक पहुंचा रही है।

# घर-घर पहुंच रहा राम मंदिर का निमंत्रण

### मोरवा में विहिप कार्यकर्ताओं ने प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम के लिए पूजित अक्षत का वितरण किया

**सिंगरौली।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए देश भर में अक्षत वितरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में विश्व हिन्दू परिषद की अगवाई में सिंगरौली जिले के मोरवा में घर-घर अक्षत बांट कर सभी से 22 को अपने शहर, मोहल्ले के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने का आह्वान किया जा रहा है। रविवार को



रामभक्तों की टोली जयश्रीराम के उद्घोष के साथ पूजित अक्षत कलश लेकर पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य के घर पहुँची जहाँ उन्होंने पूर्व विधायक रामलालू वैश्य समेत उनके पुत्र बद्रीनारायण वैश्य को अक्षत संग मंदिर का सूचना पत्रक व रामलला का चित्र दिया। इसके बाद एलआईजी रोड, गायत्री मंदिर रोड आदि स्थानों में भ्रमण कर सैकड़ो लोगों को पूजित अक्षत वितरण किया गया।

गौरतलब है कि 15 जनवरी तक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा घर-घर पूजित अक्षत वितरण का अभियान चलेगा। सभी कार्यकर्ताओं को अयोध्या राम मंदिर में पूजित अक्षत, पत्रक व राम मंदिर का चित्र उपलब्ध कराया गया है, जिसे सभी हिंदुओं के घर-घर जाकर बांटना है। इसी क्रम में रविवार को भी सैकड़ो घरों में पहुंचकर संघ व विहिप कार्यकर्ताओं ने पूजित अक्षत व पत्रक पहुंचाए। इस दौरान रजनीश द्विवेदी, कृष्ण मुरारी तिवारी, प्रवीण तिवारी, प्रमोद दिवेदी, रामजी शुक्ला, अनिल झा, जगजीवन अग्रहरी, अरविन्द झा सहित रामभक्त उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार एवं शराब पीकर वाहन न चलायेंः एसपी

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय के आदेश पर 1 से 15 जनवरी तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 6 जनवरी को यातायात पुलिस सिंगरौली के द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर विशेष जागरुकता अभियान के दौरान पंपलेट वितरण, वाहनों में स्टीकर लगाना एवं हेलमेट सीटबेल्ट लगाने के लिये उदबोधन देकर यातायात नियमों का पालन किये जाने के लिये अपील की गई एवं हेलमेट एवं सीटबेल्ट न लगाने से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाईश दी गई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के आज होने वाले कार्यक्रम

**सीधी।** नोडल अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि 08 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बरवन्धा में एवं ग्राम पंचायत भवन कुसेड़ा में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार कुसमी अंतर्गत शास. हायर सेकण्डरी स्कूल परिसर भुइमाड़ में एवं ग्राम पंचायत परिसर गैवटा में, मझौली अंतर्गत पंचायत कार्यालय परिसर सिलवार में एवं पंचायत कार्यालय परिसर गिजवार में, सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर कठास में, ग्राम पंचायत परिसर सतनरा पवाई में, ग्राम पंचायत परिसर बहेरा पश्चिम में एवं ग्राम पंचायत परिसर महाराजपुर में तथा रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर कपुरी बदौलियान में, ग्राम पंचायत परिसर डढ़िया में, ग्राम पंचायत परिसर दुअरा में एवं ग्राम पंचायत परिसर अकौरी में शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर प्रातः 10 बजे से शायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है।

## पेज 8 का शेष

### वी 3ः विंध्य विक्टिम वर्डिक्ट...

एना लिओनीडेना की इन द फुटस्टेप ऑफ अलेक्जेंडर नेवेस्की को स्पेशल ज्यूरी फीचर डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार मिला।

**फीचर डॉक्यूमेंट्री ( नेशनल कैटगरी ):** नेशनल कैटगरी में बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवार्ड मिला, विदित रॉय और मकरंद वायकर की फिल्म माय रेडियो, माय लाइफ को।दूसरे नंबर पर रही, सौमित्रा सेन की नो वॉटर लैंड।

**शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री ( नेशनल ):** सौम्या श्रीवास्तव की फिल्म कोलम को नेशनल कैटगरी में बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार मिला। सोमनाथ मंडल की दुखु मांझी को इसी कैटगरी में सेकेंड, जबकि चंदेरी सिल्क पर आधारित कन्नड़ फिल्ममेकर गौरी श्रीनिवास की फिल्म द वुवेन मोटिफ्स ऑफ चंदेरी को थर्ड बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड मिला। इसी कैटगरी में भरतेश जैन की तंबूरा तान ले बंदे को स्पेशल ज्यूरी अवार्ड मिला।

**शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री ( इंटरनेशनल ):** इंटरनेशनल कैटगरी में एना बोहलमार्क की बिग सोशल नोमाड को बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री का अवार्ड मिला. लियान रैम की एना इज एंग्री एंड बुद्धा लॉफ्स को इसी कैटगरी में बेस्ट ज्यूरी अवार्ड मिला।

**शॉर्ट फिल्म ( नेशनल ):** विनीश पेरुमपिली की फिल्म चिथिका को नेशनल कैटगरी में बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड मिला. पवित्र वर्मा की फिल्म इप्सा दूसरे नंबर पर रही, जबकि विजय पांडुरंग की व्यर्थ तीसरे नंबर पर रही. हाहानवाज बकल की फिल्म %द हिंदू बॉय और कुणाल श्रीवास्तव की द मर्चेंट ऑफ विनाशा% को बेस्ट ज्यूरी अवार्ड मिला।

**शॉर्ट फिल्म ( इंटरनेशनल ):** माया इवानोवा और कोसेव की फिल्म ल्यूबिमा को इंटरनेशनल कैटगरी में बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड मिला। आर्मिन एलिक की डोजो दूसरे नंबर पर रही, जबकि बांग्लादेशी फिल्म मेकर शहादत सागर की %ए नाइट इन द पार्क% तीसरे नंबर पर रही।एना फ्लोर्स की फ्रे को बेस्ट ज्यूरी अवार्ड मिला।

**फीचर फिल्म- एक्टिंग एंड टेक्निकल**

**बेस्ट डायरेक्टर**- अमुधवन पी (वी 3ः विंध्य विक्टिम वर्डिक्ट)
**बेस्ट डायरेक्टर ( फीचर डॉक्यूमेंट्री )**- हेजल गुरलैंड-पूलर (स्टॉर्मिंग सीजर्स पैलेस)
**बेस्ट स्टोरी**- दिलीप हरिनारायण दीक्षित (मीरा)
**बेस्ट एक्टर ( फीमेल )**- पवना गौरा (वी 3- विंध्य विक्टिम वर्डिक्ट)
**बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट**- कैथरीन धोलुआ (मुझे स्कूल नहीं जाना)

**शॉर्ट फिल्म- एक्टिंग एंड टेक्निकल**

बेस्ट डायरेक्टर- विनीश पेरुमपिली (चिथिका)
बेस्ट स्टोरी- विजय पांडुरंग (व्यर्थ)
बेस्ट एक्टर (मेल)- भास्कर (कैनवास)
बेस्ट एक्टर (फीमेल)- पूजा भामरा (इप्सा)
बेस्ट सिनेमैटोग्राफी- आश्रय राव (इप्सा)
बेस्ट एडिटिंग- अभिनव छावड़ा और चिन्मय पांडेय (अवेकनिंग ऑफ रॉक)

### देश के लिए हमारा हित सर्वोपरि ...

उक्त विचार ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी कार्य समिति सदस्य (सीडब्ल्यूसी) व पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने व्यक्त किये।पूर्व मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं के परिष्कार करने का अवसर मिलता है। श्री पटेल ने क्रिक्रेट टूर्नामेंट के चौथे सोपान के सफलतम आयोजन के लिए सभी आयोजक साथियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त कि है की आने वाले वर्षों में इससे बेहतर खेल प्रतियोगिता होगी ओर अधिक टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। सभी खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 15 टीमों ने भाग लिया। प्ले इंडिया हरिहरपुर टीम विजेता, स्टार इलेवन टीम उपविजेता रही।विजेता टीम को ट्राफी व 35 हज़ार रुपए तथा उपविजेता को स्मृति चिन्ह व 21 हज़ार रुपए की नगद धनराशि दी गई।मैन ऑफ द मैच एवं सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व पुरस्कार भी दिए गए।फाइनल मैच में मैदान भरा रहा और अंत तक रोमांच बना रहा। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के नेता पंकज सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कुंवर सिंह, धीरेंद्र पटेल सदस्य जिला पंचायत ,सरपंच डॉ. भूपेंद्र सिंह ,पूर्व सरपंच अनिल सिंह पिंटू, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी रीवा सौरभ पांडे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### शासन की योजनाओं का लाभ...

इस मौके पर बबूवाराम यादव सरपंच पति सरपंच दनपतिया यादव सचिव श्याम लाल द्विवेदी सहायक सचिव आलोक द्विवेदी उप सरपंच प्रमोद द्विवेदी लाल बहादुर यादव सीताराम यादव दुर्गा यादव सहित एवं कमल मिश्रा, बूथ अध्यक्ष भाजपा समेत समस्त हरा चंदेल की जनता की जनता उपस्थित रही। साथ ही ग्राम पंचायत जोगिनी मे सरपंच ऐतरइया साकेत सचिव आशा चतुर्वेदी सहायक सचिव उप सरपंच पूर्व सरपंच मोहनलाल पनिका भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेंद्र चतुर्वेदी परशुराम तिवारी जनपद सीईओ संजीव तिवारी एवं समस्त जनपद के कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, कृषि विभाग के एसडीओ एवं कर्मचारी सिंचाई विभाग के कर्मचारी एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने ...

भारतीय जनता पार्टी ने हमें जो मध्य प्रदेश शासन में मंत्री का दायित्व दिया है वह सब आपके परिश्रम के कारण ही संभव हुआ है। इसलिए आप सभी का मैं हृदय की गहराइयों वन्दन अभिनंदन करती हूं। मैं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं का असीम प्यार, स्नेह एवं आशीर्वाद पाकर अभिभूत हूं। आपने मुझे अपना समझकर जो मान सम्मान दिया है इसे सदैव याद रखूंगी। सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करती हूं कि आपके मान सम्मान में कभी आंच नहीं आने दूंगी। मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामकुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्ग के हितों का चिंतन करती है पार्टी में मेहनती कार्यकर्ता सदैव शीर्ष नेतृत्व के दृष्टि में बना रहता है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां का कार्यकर्ता फर्श से अर्श तक पहुंच जाता है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**

Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email-eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 09/2023-24 सीधी, दिनांक 03/01/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है । -

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _323570 | उपसंभाग, मझौली अन्तर्गत सरैहा ठकुरान टोला मार्ग, लं. 1.40 कि.मी. एवं नौढ़िया रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में मजबूतीकरण का शेष कार्य । लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25/03/2022 | 20.41 | 1.40820 2.5000 | 1. दसवाँ आमंत्रण 2.02 माह |
| 2 | 2024_PWDRB _323571 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सेमरिया झगरहा मार्ग लं. 1.60 कि. मी., में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य । लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25/03/2022 | 10.68 | 1.21360 2.2000 | 1. सातवाँ आमंत्रण 2. 02 माह |
| | | योग :- | 31.09 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 08/01/2024 सुबह 10.30 से 18/01/2024 शाम 5.30 तक है। 2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है। 3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी। 4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(सरस्वती प्रसाद तिवारी), कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग, सीधी (म.प्र.)

G-22644/23

समय

सीधी, सोमवार 8 जनवरी 2024

### रंगारंग सांस्कृतिक समारोह के साथ विंध्य फिल्म फेस्टिवल का हुआ समापन

# वी 3: विंध्य विक्टिम वर्डिक्ट को मिला बेस्ट फीचर फिल्म समेत 3 अवार्ड, ग्रैंडसन रही बेस्ट मूवी

## 3 दिन तक फिल्म के रंग में रंगे रहे विंध्य के लोग

**सीधी।** सीधी के वैष्णवी गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने एक बार फिर ये साबित किया कि मुंबइया सिनेमा से इतर भी देश के अलग-अलग हिस्सों में फिल्ममेकर्स शानदार काम कर रहे हैं और दुनियाभर में देश का नाम रौशन कर रहे हैं। रविवार को रंगारंग समारोह और पुरस्कारों की घोषणा के साथ फिल्म फेस्टिवल का समापन हुआ।तमिल फिल्म डायरेक्टर अमुधवन पी की फिल्म वी 3- विंध्य विक्टिम वर्डिक्ट ने नेशनल कैटगरी में बेस्ट फीचर फिल्म समेत अपनी झोली में तीन पुरस्कार झटके. इस फिल्म को बेस्ट डायरेक्शन और बेस्ट एक्टर-फीमेल (पवना गौरा) अवार्ड भी मिला।

वहीं, इंटरनेशनल कैटगरी में ग्रैंडसन बेस्ट फीचर फिल्म अवार्ड अपने नाम करने में कामयाब रहीं. म्यूजिक वीडियो कैटगरी में तोहोरा पहले नंबर पर रही, दूसरे नंबर पर टेक यू थ्री, जबकि पोन्नियन सेल्वन तीसरे नंबर पर रही।

भगत सिंह के जीवन के अंतिम पलों पर आधारित फिल्म द लास्ट मील ने ऑडिएंश चॉइस अवार्ड अपने नाम किया. फिल्म का निर्देशन किया है केतकी पांडेय ने, जबकि फिल्म में इश्तियाक खान जैसे मंझे अभिनेता ने अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीत लिया।अवार्ड सेरेमनी में मुख्य अतिथि जानेमाने रंगकर्मी गिरिजा शंकर, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह के हाथों फिल्मकारों को ट्रॉफी प्रदान की गई।

इंद्रावती नाट्य समिति के निदेशक और फिल्म फेस्टिवल के संयोजक नीरज कुंदेर सीधी ने स्थानीय लोगों का हृदय से आभार जताते हुए कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद सीधी के लोगों की वजह से इतना बड़ा कार्यक्रम लगातार सफल होता आ रहा है।

उन्होंने देश-विदेश से आए फिल्मकारों का भी धन्यवाद किया।वहीं, फेस्टिवल डायरेक्टर प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि सीधी जैसे छोटे शहर में इस तरह के आयोजन की कल्पना करना भी बेहद मुश्किल था। 5 साल पहले जब हमने इस फेस्टिवल की शुरुआत की थी, तब तमाम दिक्कतें थीं, आज भी कई तरह की चुनौतियां आती हैं, लेकिन वे ही हमें मांझती भी हैं।



### हिंदुस्तानी सिनेमा का झंडा बुलंद कर रहे युवा फिल्ममेकर्स

तीसरे और अंतिम दिन जाने माने रंगकर्मी गिरिजा शंकर की अध्यक्षता में एक अहम सत्र का आयोजन हुआ। इस सत्र में विशेष वक्ता जाने माने फिल्म पत्रकार और समीक्षक अजीत राय ने बताया कि कैसे गिरिजा शंकर से मिलने के बाद उनके जीवन की दिशा बदल गई।जैसे चंद्रगुप्त को चाणक्य और विवेकानंद को रामकृष्ण परमहंस मिले थे, वैसे ही उन्हें बड़े नसीब से गिरिजा शंकर मिले।अजीत राय ने कहा कि मुंबइया सिनेमा एक टापू है और ये हिंदुस्तानी सिनेमा का बेहद छोटा सा हिस्सा है. मुंबई के बाहर जो सिनेमा बन रहे हैं, खासकर क्षेत्रीय भाषाओं में, असल कमाल वही कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि फीचर फिल्म में भले ही हिंदुस्तानी सिनेमा पीछे हो, लेकिन डॉक्यूमेंट्री में भारत का सिक्का विश्वफलक पर बोलता है।उन्होंने दिल्ली के प्रदूषण पर राहुल जैन की फिल्म इनविजिबल डेमोंस का जिक्र करते हुए कहा कि इस फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रौशन किया। ये फिल्म कांस फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई और बर्लिन ने स्पेशल परमिट देकर बुलाया गया।अजीत राय ने कहा कि युवा फिल्ममेकर्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुस्तानी सिनेमा का झंडा बुलंद कर रहे हैं।

### जानिए किन फिल्मों को किस कैटगरी में मिला अवार्ड

#### फीचर फिल्म (नेशनल कैटगरी)

यौन शोषण पर अपने तरह की अनोखी तमिल फिल्म वी 3- विंध्य विक्टिम वर्डिक्ट को बेस्ट नेशनल फीचर फिल्म का अवार्ड मिला। इस फिल्म ने 2 और अवार्ड अपने नाम किए। नेशनल कैटगरी में दिलीप हरनारायण दीक्षित की फीचर फिल्म मीरा दूसरे नंबर पर रही, जबकि सिद्धुपूर्णा चंद्रा की तारिणी तीसरे नंबर पर रही। इसी कैटगरी में निपुण धोलुआ की फिल्म मुझे स्कूल नहीं जाना को स्पेशल ज्यूरी अवार्ड मिला।

#### फीचर फिल्म (इंटरनेशनल कैटगरी)

इंटरनेशनल कैटगरी में तैमूर गेराफूडिनोव की ग्रैंडसन को बेस्ट फीचर फिल्म का अवार्ड मिला. एनरिको सेलर की फिल्म द डार्क गर्ल दूसरे नंबर पर रही।स्टेट फोकस (मध्य प्रदेश) कैटगरी में रोहित पाटीदार की शॉर्ट फिल्म पापी को बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड मिला, जबकि राघव परमार की ए टेल ऑफ टू इंडियंस दूसरे नंबर पर रही। कनुप्रिया गुप्ता की फिल्म आउटरे को स्टेट फोकस कैटगरी में स्पेशल ज्यूरी फीचर फिल्म का अवार्ड मिला।सागर के सरस्वती पुस्कालय और वाचनालय पर केंद्रित राहुल पांडेय की डॉक्यूड्रामा फिल्म आद्या को स्टेट फोकस कैटगरी में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड मिला. सागर दास की नर्मदा दूसरे नंबर पर रही, जबकि तीसरे नंबर पर रही शुभम नेवारे की डॉक्यूमेंट्री- 47 42 जीप्स ऑफ भोपाल।

#### फीचर डॉक्यूमेंट्री (इंटरनेशनल कैटगरी)

इंटरनेशनल कैटगरी में हेजल गुरलैंड और पोलर की फिल्म स्टॉर्मिंग सीजर पैलेस को बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार मिला।दूसरे नंबर पर रही, मिहाई पीटर ग्रोसू की एमिनेस्क्यू एंड शेर्नोवत्सी और तीसरे नंबर पर रही रिचर्ड सिल्वर की लुक अप नॉट डाउन। शेष पेज 7 पर...

# देश के लिए हमारा हित सर्वोपरि होना चाहिए : कमलेश्वर पटेल



### प्ले इंडिया हरिहरपुर टीम विजेता, स्टार इलेवन टीम उपविजेता रही

**सीधी।** देश व समाज के लिए हमारा हित सर्वोपरि होना चाहिए। यह भावना हमें खेल के मैदान से सीखने को मिलती है। खेल के मैदान में खिलाड़ियों में कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है किंतु बाद में वह एक दूसरे से गले मिलते हैं । यह खेल मैदान से सभी राजनीतिज्ञों व समाज सेवकों को सीख लेना चाहिए।देश व समाज में सर्वधर्म समभाव का भाव बना रहे इसके लिए खेलों का विकास जरूरी है।देश की आजादी के मायने सच्चे अर्थों में जब सार्थक होंगे जब इस देश के खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना के अनुरूप वातावरण मिलेगा। शेष पेज 7 पर...

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राज्यमंत्री राधा सिंह एवं नवनिर्वाचित विधायकों का किया सम्मान

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सिंगरौली के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री राधा सिंह एवं नवनिर्वाचित सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामनिवास शाह एवं देवसर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेन्द्र मेश्राम का मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामकुमार साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, नगर पालिक निगम के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने समस्त अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर, साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी एवं नवनिर्वाचित विधायकों का क्रमशः स्वागत किया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस ने अपने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री राधा सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता अपना खून पसीना बहाकर नेता एवं नेतृत्व का निर्माण करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष गिरजा प्रसाद बैस, अनिल कुमार गुप्ता, श्रवण सिंह बैस, रामनिवास कुशवाहा, जिला महामंत्री सियाराम जायसवाल, डॉ. अजय शाह, जिलामंत्री भागवत जायसवाल, उमेश विश्वकर्मा, उमेश कुमार गुर्जर, कविता शाह, ज्योति चौरसिया, मुंदलेश यादव सोसल मीडिया के जिला संयोजक भगवानदास बैस, सह संयोजक रामलल्लू जायसवाल, सोसल मीडिया प्रभारी संदीप वर्मा, आई.टी.प्रभारी अजय सिंह बैस, अर्जुन यादव, मण्डल अध्यक्ष शेषमणी बैस, परविंद शाह, प्रदीप शाह, भगवान दास नापित, विजय शर्मा एवं विजय कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शेष पेज 7 पर...



# शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन को मिले: विश्वामित्र विकसित भारत संकल्प यात्रा का बिजौरा में हुआ स्वागत

**देवसर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार 7 नवंबर को विधानसभा सिहावल के ग्राम पंचायत हर्रा चंदेल एवं जोगिनी पहुंची। यात्रा का ग्रामवासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा जनहितैषी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सावित्री पटेल लाभार्थी मातृवंदना योजना द्वारा सफलता की कहानी एवं अनुभव साझा किया गया। आजीविका ने मिशन को लाभार्थी अरुणा पटेल है द्वारा आजीविका मिशन से संचालित योजनाओं पर अपना अनुभव साझा किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने शिविर में पधारे जनमानस को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने भारी मतों से विजय दिलाई इसके लिए मैं आप सबका तहेदिल से आभारी हूं जिस आशा और विश्वास के साथ आप लोगों मुझे सेवा करने का मौका दिया मैं आप सब के विश्वास पर खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे अनुभव साझा किया भारत में एक अभिनव एक परिवर्तनकारी अभियान है जिसमे लोगों को जिंदगी में विकास पूर्ण परिवर्तन तथा आशा, उम्मीदों को जीवंत किया है। उन्होंने कहा कि आपको आपके ग्राम पंचायत में हो सभी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ प्रदान करना इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य है। सभी उपस्थित जन अपनी जरूरत एवं पात्रतानुसार आवेदन कर अपना पंजीयन कराएं। आज आपके ग्राम पंचायत का पोर्टल खुला हुआ है आवेदन में योजनावार पंजीयन होगा एवं समयसीमा में निराकरण होगा। विधायक ने ऐरा प्रथा, आवारा पशुओं से किसानों की फसलों का हो रहे नुकसान से निजात हेतु तात्कालिक व्यवस्था के लिए पंचायत को निर्देशित किया है कि 3 मजदूरों को मवेशियों को चराने में लगाएं। 3 माह बाद मवेशियों के लिए गौअभ्यारण एवं चारागाह का कार्य कराने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों की मांग पर उन्होंने हर्रा चंदेल दक्षिणी छोर में नहर निर्माण, जोगिनी अ.जा./ अ.ज.जा. बस्ती में नया ट्रांसफार्मर एवं विद्युतीकरण, अ.जा. बस्ती जोगिनी में वाटर सप्लाई के लिए पाइप लाइन डालने का कार्य एवं दो नग चबूतरा निर्माण, एक तालाब के पास एवं एक पंचायत भवन के पास की घोषणा की। साथ ही बस्ती में कटी हुई विद्युत सप्लाई को तत्काल बहाल करने के लिए निर्देशित किया। शेष पेज 7 पर...



# बूंदा-बांदी के बाद शीत लहर का सितम, पारा गिरा ठण्ड से ठिठुर रहे मवेशी, अलाव का सहारा



**सिंगरौली।** जिले में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है। बूंदा-बांदी के साथ शीत लहर का प्रकोप शुरू होने कड़ाके की ठंड पडने लगी है। वहीं अब जिले में और कड़ाके कि ठंड बढने कि संभावना बढ़ गई है। जिले मे मौसम ने एक बार फिर से करवट बदल दिया है। शुक्रवार के शाम से ही बूंदा-बांदी का दौर चलता रहा है। वही शुक्रवार को पूरे दिन आसमान में काले बादल एवं कोहरे का धुंध छाया रहा। शाम ढलते ही रिमझिम एवं आधी रात से तेज बूंदा-बांदी क्रम पकड़ा और शनिवार अल सुबह बारिश का दौर चलता रहा। इसी बीच शीत लहर ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया।

आलम यह था कि पूरे दिन तक शीत लहर का झोका जारी रहा । साथ ही दोपहर के बाद कुछ घण्टे के लिए सूर्य देवता दर्शन हो गए। इसी बीच दोपहर में भी बूंदा-बांदी का क्रम रूक-रूक कर चलता रहा। इस बे-मौसम बारिश एवं शीत लहर के प्रकोप से जन-जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र सेमरिया एवं सर्रा का आकस्मिक निरीक्षण

### समर्थन मूल्य पर उपार्जित खाद्यान्न का परिवहन कर सुरक्षित भंडारण करने के दिए निर्देश

**सीधी।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा धान उपार्जन केन्द्र सेमरिया एवं सर्रा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कृषकों से चर्चा कर खरीदी केन्द्र में की गयी व्यवस्थाओं तथा आ रही परेशानियों के विषय में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर उपार्जित खाद्यान्न का परिवहन कर सुरक्षित भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने इस कार्य को प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा उपार्जन केंद्रों में भण्डारित धान के परिवहन नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों में भण्डारित खाद्यान्न का तुरंत परिवहन कराकर गोदामों एवं कैप में सुरक्षित भण्डारण कराया जाय। आवश्यक हो तो अतिरिक्त ट्रक लगाकर परिवहन करायें। गोदाम स्तरीय केन्द्रों पर उपार्जित खाद्यान्न को उपार्जन दिवस में ही गोदाम में भण्डारण करायें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन किसानों को स्लाट बुक कर दिया गया है उनके खाद्यान्न की तौल एवं परिवहन निर्धारित दिवस में ही सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर खाद्यान्न की तौल के उपरांत वारदानों की तत्काल सिलाई करके ऊंचे एवं पक्के स्थान पर स्टेकिंग लगाकर रखी जाय और वर्षा से बचाव हेतु खाद्यान्न को तिरपाल से कवर करें। उपार्जन केन्द्र परिसर में पानी का भराव न हो यह सुनिश्चित करें। किसी भी केन्द्र में धान, मोटा अनाज भींगकर खराब होने की स्थिति में संबंधित उपार्जन केन्द्र से भरपाई की जाएगी। कलेक्टर ने धान उपार्जन के संबंध में समस्त जानकारी प्रत्येक उपार्जन केंद्र में ऑफलाइन संधारित करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा खरीदी उपरांत किसानों को तत्काल पावती उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि तकनीकी समस्या के कारण ऑनलाइन पावती नहीं मिलने पर ऑफलाइन पावती अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए जिसमें उपार्जित धान की मात्रा तथा राशि का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। कलेक्टर ने कृषकों से कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल संबंधित उपखण्ड अधिकारी या तहसीलदार से संपर्क करें।



## संक्षिप्त समाचार

### निरंकारी सत्संग भवन सीधी में विशेष सत्संग आज

**सीधी।** शहर के नूतन कालोनी निरंकारी सत्संग भवन सीधी में महात्मा श्री डॉ. सुरेश सिंह भटीजा जी क्षेत्रीय



संचालक बाँदा ज़ोन 8 जनवरी 2024 को सीधी आ रहे हैं।इन्हीं की हुजूरी में दिन सोमवार 8 जनवरी 2024 की संगत विशाल रूप में नूतन कालोनी स्थित सत्संग भवन में शाम 6 से 8 बजे तक रखी गयी है। संत निरंकारी मंडल ब्रांच सीधी ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार संगत में आकर सतगुरू के आशीर्वादो के पात्र बनने का आग्रह किया है।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार पीएम जनमन इंटरवेंशन कार्ड का किया गया वितरण



**सीधी।** कलेक्टर साकेत मालवीय तथा पीएम जनमन के जिला नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत राहुल धोटे के निर्देशानुसार जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त डॉ.डीके द्विवेदी एवं उनके सहयोगी अधिकारी द्वारा बैगा बाहुल्य ग्राम गांधी ग्राम एवं अंधरी गडई के बैगा परिवारों के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं से उन्हें परिचित कराया गया तथा उन योजनाओं का शत-शत लाभ दिलाए जाने हेतु प्रचार प्रसार किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार योजनाओं पर केंद्रित एक फोल्डर तैयार किया गया है जिसमें 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित तथा भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंकित किया गया है। इन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पीवीटीजी परिवारों को मिले इसके लिए यह कार्ड महत्वपूर्ण है। बैगा परिवारों को इस योजना के बारे में जागरूक करने के लिए हिन्दी के अतिरिक्त बैगानी बोली में भी योजनाओं को लिखा गया है।सभी विकासखंडों के पी वी टी जी परिवारों को यह कार्ड वितरित कराया जा रहा है ।अधीक्षकों तथा सचिवों के सहयोग से यह कार्ड बैगा परिवारों तक पहुंच रहा है। साथ ही बैगा परिवार के जनप्रतिनिधियों को भी सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है।

### विद्युत पेंशनर की बैठक का आयोजन कल

सीधी।विद्युत पेंशन हित रक्षक संघ शाखा सीधी की महावर बैठक कैंपिंग हाउस सीधी में 9 जनवरी 2024 को नियत है। सभी विद्युत पेंशनरों से अनुरोध किया गया है कि निर्धारित समय 12 बजे तक कैंपिंग हाउस सीधी में पधारने का कष्ट करें। ज्यादा से ज्यादा विद्युत पेंशनर इस बैठक में उपस्थित हो ताकि मुख्य महाप्रबंधक मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर में 15 दिसंबर 2023 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही नए वर्ष 2024 के लिए चुने गए नई कार्यकारिणी एवं सदस्यों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा सके। जिन पेंशनरों की समस्याओं का समाधान ना हुआ हो उसकी भी जानकारी इकट्ठा की जाएगी तथा 10 जनवरी 2024 को अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी के कार्यालय में अधीक्षण अभियंता द्वारा बैठक बुलाई गई है इसलिए सभी पेंशनरों से विनम्र अनुरोध किया गया है कि इस बैठक में उपस्थिति अति आवश्यक है।

### कमिश्नर ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया प्रशस्ति पत्र



**सेमरिया।** आयुक्त रीवा संभाग अनिल सुचारी द्वारा शासकीय हाई स्कूल बम्हनी के प्राचार्य सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा लगातार छात्र हित, विद्यालय हित तथा समाज हित में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य का अनवरत अवलोकन एवं परीक्षण के उपरांत तथा मतदाता जागरूकता अभियान 2023 तथा हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2023 में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए अपने निज निवास रीवा में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक सुश्री दीपाली सिंह चौहान के द्वारा मतदाता जागरूकता ओजस यूथ क्लब प्रभारी इको क्लब प्रभारी समस्त प्रतियोगिता प्रभारी के रूप में, श्रीमती प्रतिभा पटेल सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में एवं श्री रीतेश कुमार यादव उमंग प्रभारी के रूप में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बाल कैबिनेट के रूप में अपने-अपने दायित्व का कुशल निर्वहन करने वाले विद्यालय के छात्रों में से प्रधानमंत्री पद शिवानी द्विवेदी, उप प्रधानमंत्री पद वैष्णवी तिवारी, रक्षा मंत्री पद मनोज कुमार साकेत, गृह मंत्री पद ओम कुमार विश्वकर्मा, स्वास्थ्य मंत्री पद साधना विश्वकर्मा ,खेल मंत्री पद अमृता तिवारी ,शिक्षा मंत्री पद राजीव कुमार साकेत ,पर्यावरण मंत्री पद वंदना द्विवेदी, विदेश मंत्री पद दिव्यांश मिश्रा ,रेल मंत्री पद आशीष सेन, वित्त मंत्री पद प्रतिक्षा तिवारी, परिवहन मंत्री पद लक्ष्मी विश्वकर्मा, सांस्कृतिक मंत्री पद प्राची मिश्रा, श्रम मंत्री पद नीलम चौबे, युवा कल्याण मंत्री पद प्रमिला चतुर्वेदी, खनिज मंत्री पद पुष्पांजलि तिवारी ,वस्त्र उद्योग मंत्री पद विक्रम तिवारी, पुस्तकालय विज्ञान मंत्री रहीस साकेत, अनुशासन मंत्री पद आयुषी मिश्रा ,कृषि एवं जल मंत्री पद सोनम प्रजापति को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य , शिक्षकों एवं छात्रों को इस उपलब्धि के लिए अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। श्री पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में विद्यालय में किये जा रहे छात्र हित के कार्यों की प्रशंसा की गई।

सम्पादक, प्रकाशक तथा मुद्रक-पद्मधर पति त्रिपाठी द्वारा अधिकार प्रेस (आफसेट प्रिन्टर्स) नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से मुद्रित कर ''समय'' प्रेस भवन, नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
संस्थापक -स्व.कार्तिकेय पति त्रिपाठी दूरभाष-सम्पादकीय-07822-252343, विज्ञापन-9303809000 फैक्स- 07822-356081 आरएनआई. पंजीयन क्र.- 6137/59, स्थानीय संपादक -कुशाग्र पति त्रिपाठी